इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्व स वेत्ति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 281 | राजनांदगांव, शनिवार 30 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







## जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5: भारत-जापान मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे

### पीएम मोदी की मौजूदगी में समझौता, बोले- हमारी साझेदारी आपसी विश्वास पर आधारित

टोक्यो। जापान दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को टोक्यो में जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश और तकनीकी क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तारित करने पर बात की। साथ समझौतों का आदान-प्रदान किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी आपसी विश्वास पर आधारित है। यह हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को दर्शाती है और हमारे साझा मूल्यों और विश्वासों से आकार लेती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमारी चर्चा उपयोगी और उद्देश्यपूर्ण रही। हम इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और जीवंत लोकतंत्रों के रूप में हमारी साझेदारी न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। मजबूत लोकतंत्र एक बेहतर दुनिया के निर्माण में स्वाभाविक साझेदार होते हैं। आज हमने अपनी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, गतिशीलता और लोगों के बीच आपसी संपर्क है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 वर्षों में जापान ने भारत में 10 ट्रिलियन येन के निवेश का लक्ष्य रखा है। भारत और जापान के लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। भारत-जापान व्यापार मंच में भी मैंने जापानी कंपनियों से कहा था कि भारत में बनाओ, दुनिया के लिए बनाओ।

पीएम मोदी ने कहा कि ऊर्जा के लिए हमारा संयुक्त ऋण तंत्र एक बड़ी जीत है। यह दर्शाता है कि हमारी हरित साझेदारी हमारी आर्थिक साझेदारी जितनी ही मजबूत है। इस दिशा में हम टिकाऊ ईंधन पहल और बैटरी आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी की भी शुरुआत कर रहे हैं। हम आर्थिक सुरक्षा सहयोग पहल शुरू कर रहे हैं। हम व्यापक दृष्टिकोण के साथ महत्वपूर्ण और रणनीतिक क्षेत्रों में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग हम दोनों के लिए प्राथमिकता है। इस संबंध में डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआई सहयोग पहल पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और दुर्लभ मृदा खनिज हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर होंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि जापानी तकनीक और भारतीय प्रतिभा एक विजयी जोड़ी है। जहां हम हाई-स्पीड रेल पर काम कर रहे हैं। वहीं अगली पीढ़ी की मोबिलिटी साझेदारी के तहत हम बंदरगाहों, विमानन और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी तेज़ी से प्रगति करेंगे। चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग के लिए हम इसरो और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 मौतें: उत्तराखंड में बादल फटने से 5 की जान गई; पंजाब-फिरोजपुर में 62 गांव डूबे, 2500 का रेस्क्यू, दिल्ली में बारिश से बुरा हाल

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, 1 उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 5 लोगों की मौत हो गई। SDRF ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया। पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं।

पहाड़ों पर लगातार हो रही भारी बारिश और अतिवृष्टि ने सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। रुद्रप्रयाग जिले के पूर्वी बांगर क्षेत्र में भूस्खलन के कारण छेनागाड़ का पड़ाव



पूरी तरह तबाह हो गया है। तड़के हुई मूसलाधार बारिश के बाद पहाड़ी से आए मलबे के सैलाब में 15 से अधिक दुकानें और मकान बह गए। जिससे 8 लोग लापता हो गए हैं, जिनमें चार नेपाली मजदूर और एक वनकर्मी शामिल हैं। इस घटना में सड़क और पैदल मार्ग भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं जिससे बचाव दल को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं जखोली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### दिल्ली कहीं दरिया गंज तो कहीं हो गई ताल कटोरा...

नई दिल्ली। दिल्ली के कई इलाके शुक्रवार को दरिया जैसे नजर आए. आलम यह था कि लोग सड़कों पर तैरते नजर आए. कई जगहों पर बारिश और जलजमाव के बाद सड़कों पर 3 से 4 फीट तक पानी जमा नजर आया. बारिश के कारण लोग काफी देर तक जाम में भी फंसे रहे. शुक्रवार को हुई बारिश के बाद दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आई तस्वीरें और वीडियो लोगों की परेशानी बता रहे (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है... करते रहेंगे संविधान की रक्षा-राहुल

पटना। बिहार की राजनीति अब एक नए मोड़ में पहुंच गई है। ये नया मोड़ गाली-गलौज और अश्लील भाषा का है। दरभंगा में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान एक मंच से पीएम मोदी और उनकी स्वर्गीय मां के खिलाफ अपमानजनक और अभद्र भाषा का उपयोग किया गया। इसके विरोध में बीजेपी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। पटना के कांग्रेस कार्यालय में बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई है। इस मामले में आज राहुल गांधी का बयान सामने आया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सत्य और अहिंसा के आगे... असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते हैं। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है। हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते।



### कांग्रेस कार्यकर्ता का फूटा सिर

प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय का गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। इसके बाद दोनों पक्षों में लाठी-डंडों और पत्थरबाजी के साथ मारपीट शुरू हो गई। इस झड़प में कई कार्यकर्ताओं को चोटें आईं, जिसमें एक कांग्रेस कार्यकर्ता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नवा रायपुर विधानसभा परिसर में स्थापित होगी बाबा साहेब अंबेडकर की 25 फीट ऊंची प्रतिमा



रायपुर। नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 25 फीट से ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही की अनुशंसा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह भी किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपने 25 वर्षों की यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। संविधान में निहित स्वतंत्रता, समता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांतों से प्रेरित होकर राज्य समावेशी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रस्तावित प्रतिमा न केवल संविधान निर्माता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद 7.8 प्रतिशत बढ़ा, राजकोषीय घाटा 29.9 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली। सरकार ने जून तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी कर दिए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश का सकल घरेलू उत्पाद वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले यह आंकड़ा 6.5 प्रतिशत था। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में यह भी बताया गया है कि देश का बजटीय घाटा या राजकोषीय घाटा बढ़कर 29.9त्न पर पहुंच गया है।




अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। अमेरिका की ओर से विनाशकारी टैरिफ लगाए जाने से पहले बीती पांच तिमाहियों में सबसे अधिक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण हुई। भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, क्योंकि अप्रैल-जून की अवधि में चीन की जीडीपी वृद्धि 5.2 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, पिछली उच्चतम जीडीपी वृद्धि 2024 के जनवरी-मार्च में 8.4 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2024-25 की अप्रैल-जून अवधि में 1.5 प्रतिशत थी। हालांकि, वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मामूली रूप से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 7.6 प्रतिशत थी। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय रिजर्व बैंक ने 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जिसमें पहली तिमाही (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इंडिया टुडे–MOTN सर्वे: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लोकप्रियता बड़ी

रायपुर। इंडिया टुडे–C Voter के Mood of the Nation सर्वे में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की लोकप्रियता में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। अगस्त 2025 के सर्वे के अनुसार, 41.9 प्रतिशत लोग उनके कामकाज से संतुष्ट पाए गए हैं।



### बड़े राज्यों में दूसरा स्थान

फरवरी 2025 में यह आंकड़ा 39 प्रतिशत था। यानी सिर्फ छह महीनों में ही उनकी संतुष्टि दर में 2.9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि हुई है। बड़े राज्यों में सीएम विष्णुदेव साय का दूसरा स्थान पर हैं। बड़े राज्यों की श्रेणी में विष्णु देव साय का प्रदर्शन काफी मजबूत रहा। पहले स्थान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा हैं, जिन्हें 44.6 प्रतिशत संतुष्टि रेटिंग मिली है। दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय (41.9 प्रतिशत) हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री साय की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। प्रदेश स्तर पर जनता ने उनकी नीतियों और कामकाज को सकारात्मक रूप से आंका है। राष्ट्रीय स्तर पर भी उनका प्रदर्शन कई अन्य बड़े राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बेहतर दर्ज हुआ है।

## शराब घोटाला : डायरेक्टर अतुल-मुकेश 8 दिन ईओडब्ल्यू की रिमांड पर : पैसा ठिकाने लगाने रिश्तेदारों के अकाउंट्स का इस्तेमाल

रायपुर। ईओडब्ल्यू 3200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में रांची जेल भेजे गए ओम सांई बेवरेज कंपनी के डायरेक्टर अतुल सिंह एवं मुकेश मनचंदा से पूछताछ करेगी। दोनों आरोपियों को रांची (झारखंड) के विशेष न्यायालय में पेश करने के बाद ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया है। 29 अगस्त को रायपुर के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश करने के बाद गिरफ्तार कर पूछताछ के रिमांड पर लिया जाएगा। उक्त दोनों को शराब घोटाले में आरोपी बनाने के लिए इस प्रकरण में जेल भेजे गए अनवर ढेबर ने आवेदन लगाया था।



### एफएल-10, ए/बी लाइसेंस सिस्टम से हुआ शराब घोटाला

छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाले में भूमिका को देखते हुए ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया है। बता दें कि झारखंड में हुए शराब घोटाला मामले में ओम सांई बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह और मुकेश मनचंदा को गिरफ्तार किया था। 25 अगस्त को ईओडब्ल्यू रांची की विशेष अदालत ने सशर्त जमानत दे दी है। उन्हें झारखंड में नियमों के विरुद्ध शराब आपूर्ति करने और अधिकारियों को कमीशन देने का आरोपी बनाया गया है। शराब घोटाले में जेल भेजे गए कारोबारी अनवर ढेबर द्वारा लगाए गए आवेदन में वेलकम डिस्टलरी, भाटिया वाइन मर्चेंट, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, मेसर्स नेक्स्ट जेनरेशन, दिशिता वेंचर्स, ओम सांई बेवरेज, सिध्दार्थ सिंघानिया और मेसर्स टाप सिक्योरिटी डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने आवेदन दिया गया है। ईओडब्ल्यू ने विदेशी शराब पर कमीशन वसूली करने के आरोप में अतुल और मुकेश द्वारा हिरासत में उगाही के मामले में प्रोडेक्शन वारंट पर रांची से लाया जा रहा है। बता दें कि इसके पहले (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ब्रोकरेज कम्पनी सी.एल.एस.ए. की विस्फोटक रिपोर्ट

## रूस का सस्ता क्रूड खरीदने में भारत को 25 अरब नहीं, केवल 2.5 अरब डालर का लाभ

नई दिल्ली (गु.स.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के पास सस्ता क्रूड आईल खरीदने के बदले भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टेरिफ लगाया है। सस्ते क्रूड की खरीदी से भारत को भारी मुनाफा होने का अमेरिका दावा कर रहा है। परन्तु, ब्रोकरेज कम्पनी सी.एल.एस.ए. की रिपोर्ट के अनुसार रूस के पास से सस्ते क्रूड आईल की खरीदी करके भारत को सालाना केवल 2.5 अरब डालर का शुद्ध लाभ हुआ है। जो भारत की जीडीपी का केवल 0.06 प्रतिशत है। इसके पहले, सस्ते क्रूड की खरीदी से भारत को 10 से 25 अरब डालर का मुनाफा होने की अटकले थी।

### भारत रूस के पास से क्रूड की खरीदी बंद कर दें तो क्रूड की कीमत प्रति बैरल 100 डालर के पार हो जाएगी- सीएलएसएस

अमेरिका के दबाब अधीन भारत रूस के पास से क्रूड आईल की खरीदी रोक दे तो विश्व के सबसे बड़े आईल आयातकार और ग्राहक देश के पास क्रूड की खरीदी के लिए विकल्प सीमित है। जिसके कारण पूरे विश्व में आईल की कीमत बढ़कर प्रति बैरल 100 डालर से अधिक हो सकती है। ब्रोकरेज कम्पनी सी.एल.एस.ए ने एक रिपोर्ट में जानकारी दी है कि रशियन क्रूड आईल की आयात से भारत को होने वाला फायदा हमेशा मीडिया में बहुत ही बढ़ाकर बताए गए आंकडे से बहुत ही कम रहा है। कई मीडिया ने भारत को सालाना 10 से 25 अरब डालर का लाभ होने का अनुमान व्यक्त किया था। तभी एक गणना के अनुसार रूस आईल की खरीदी के जरिए भारत को मात्र वार्षिक 2.5 अरब डाल का ही शुद्ध लाभ हुआ है। सी.एल. एस.ए. की रिपोर्ट के अनुसार रूस के पास से सस्ते क्रूड की खरीदी जितनी फायदेमंद दिखाई देती है, उतनी नहीं है। रूस के क्रूड की कीमत भले ही 60 डालर प्रति बैरल जितनी कम हो, परन्तु, इन्श्योरेंस, शिपिंग और रिस्क प्रीमियम जैसे अनेक खर्चों को जोड़े तो भारत को वास्तव में बहुत ही कम फायदा होता है। वर्ष 2023-24 में क्रमशः छूट अनुमानित 8.5 डालर प्रति बैरल थी। जो अब घटकर 3 से 5 डालर हो गई है। हाल के महिनों में यह छूट केवल 1.5 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। वर्तमान में भारत उसकी क्रूड की आवश्यकता का 36 प्रतिशत आयात रूस के पास से करता है। वर्ष 2024-25 में भारत रूस के पास से दैनिक 54 लाख बैरल (एम.बी.पी.डी.) क्रूड की आयात की थी। रूस के सिवाय भारत सऊदी अरब के पास से 14 प्रतिशत, इराक के पास से 20 प्रतिशत, यु.ई.के पास से 9 प्रतिशत और अमेरिका के पास से 4 प्रतिशत आईल की खरीदी करता है।

## छत्तीसगढ़ में बड़ी नियुक्ति: रीता शांडिल्य बनाई गई लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष पद पर रीता शांडिल्य को नियुक्त किया गया है। राज्यपाल के आदेश पर इस संबंध में आदेश ने सचिव सामान्य प्रशासन विभाग अविनाश चम्पावत ने जारी किए हैं। उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने के दिन से ही प्रभावी मानी जाएगी। उल्लेखनीय है कि, रीता शांडिल्य सेवानिवृत्त IAS अधिकारी हैं। शुक्रवार को वे छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की सदस्य नियुक्त की गई हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। पत्र के मुताबिक रीता शांडिल्य अध्यक्ष पद का दायित्व निर्वहन करेंगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सेवा की शर्तें) विनियम 3 (2) के प्रावधानों के अधीन उन्हें अध्यक्ष के प्रशासकीय कर्तव्यों के पालन के लिए अधिकृत किया गया है। अब तक डाक्टर प्रवीण वर्मा बतौर कार्यकारी अध्यक्ष कार्यभार संभाल रहे थे। डाक्टर वर्मा की नियुक्ति पिछली कांग्रेस सरकार के समय सदस्य के रूप में की गई थी।








## पहला कॉलम...

### सांसद पाण्डेय ने किया प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय ने सोमनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने पूरे स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सांसद ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सोमनी में मिनीमाता मंच पर शेड निर्माण के लिए 3 लाख रूपए देने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के लिए एक पोस्टमार्टम भवन बनाने और सोमनी अस्पताल में अतिरिक्त डॉक्टरों की जल्द से जल्द नियुक्ति करवाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री से बात करने का आश्वासन भी दिया।

### पुजारी डोमन दास बने अभा पुजारी पुरोहित संघ के प्रदेश सचिव




राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेंद्र दास ने राजनांदगांव के डोमन दास को संघ का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। डोमन दास राजनांदगांव के मानव मंदिर चौक स्थित बजरंगबली मंदिर के पुजारी हैं। यह नियुक्ति अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी और प्रदेश संयोजक डॉ. सौरभ निर्वाणी की अनुशंसा पर की गई है।

### जिले में पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पशुओं में लगाया गया रेडियम बेल्ट एवं पेंट



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग पर आवारा, घुमंतु पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना से सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के तेन्दूनाला, पेण्ड्री से भानपुरी, टेड़ेसरा से सोमनी सहित राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में घुमंतु पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया। विशेष अभियान में जिले के नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा एवं घुमंतु मवेशियों में रेडियम बेल्ट, रेडियम पेंट, रेडियम टेप लगाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के सभी पशु पालकों से खुले एवं सड़क पर अपने मवेशियों को नहीं छोड़ने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मवेशी सड़क में मिलने पर संबंधित पशुपालकों पर कार्रवाई की जाएगी।

### गौरीनगर में बच्चों ने स्थापित की मनमोहक गणेश प्रतिमा



राजनांदगांव (दावा)। गौरी नगर स्थित शीतला माता मंदिर प्रांगण में 'श्री शीतला बाल गणेश उत्सव मंडल' द्वारा इस वर्ष भी गणेश जी की एक सुंदर प्रतिमा स्थापित की गई है। इस मंडल का संचालन मोहल्ले के बच्चों द्वारा किया जाता है। यह आयोजन बच्चों की मेहनत और भगवान गणेश के प्रति उनके अटूट प्रेम को दर्शाता है। बच्चों ने मिलकर इस प्रतिमा की स्थापना की है और वे ही पूजा-अर्चना का सारा प्रबंध भी कर रहे हैं। मोहल्ले के लोग बच्चों के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं और भगवान गणेश से प्रार्थना कर रहे हैं कि उनकी कृपा हमेशा इन बच्चों पर बनी रहे।

### सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत छुरिया तहसील अंतर्गत आग से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रूपए, तालाब के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं सर्पदश से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रूपए, कपड़ा व बर्तन आंशिक क्षति होने पर 2500 रूपए तथा डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, सर्पदश से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

### अर्चना बाई खोब्रागढ़े का निधन



राजनांदगांव (दावा)। बौद्ध समाज की वरिष्ठ महिला मंडल की सक्रिय कार्यकर्ता अर्चना बाई खोब्रागढ़े (84 वर्ष) का मंगलवार 29 अगस्त की सुबह लगभग 8 बजे निधन हो गया। अर्चना बाई लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहीं और विशेष रूप से बौद्ध समाज के महिला मंडल को सशक्त बनाने में उनका अहम योगदान रहा। वे अपने पीछे पति, तीन पुत्र और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4:30 बजे लखोली नाका स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। ज्ञात हो कि वे कन्हैयालाल खोब्रागढ़े की धर्मपत्नी तथा देशबंधु के ब्यूरो चीफ एवं वरिष्ठ पत्रकार दीपांकर खोब्रागढ़े की माता थीं।

# राजनांदगांव जिले में यूरिया, डीएपी खाद का संकट बरकरार, किसानों को हो रही परेशानी



एनपी के खाद की भी बनी हुई है किल्लत, जिला पंचायत की कृषि समिति बैठक में उठा मुद्दा

राजनांदगांव (दावा)। लगभग तीन साल से जारी रुस और यूक्रेन का युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। इसका सीधा असर यूरिया व डीएपी खाद पर पड़ रहा है। इससे प्रदेश सहित जिले में दोनों खाद की कमी बनी हुई है। इन खादों की कमी का मुद्दा जिला पंचायत के कृषि समिति के बैठक में भी उठाया गया है। सभापति जागृति यदु ने कहा कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए, लेकिन युद्ध की वजह से खाद ही नहीं आ पाने से क्या किया जा सकता है? बहरहाल जिले में उक्त खाद का संकट बरकरार है। जिससे किसानों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

खेती-किसानी के जानकार की मानें तो इन दोनों खाद के स्थान पर लिक्विड वाली एनपीके खाद का विकल्प है, लेकिन जिले में इसकी भी किल्लत देखी बनी हुई है। इससे समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों को खासे परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। उक्त खाद नहीं मिलने की परेशानी को देखते हुए किसान नेता अशोक चौधरी ने बताया कि किसानों को चाहिए कि बोनी के 60 दिन बाद उक्त खाद डालना ही नहीं चाहिए। वर्तमान में यूरिया व डीएपी का उपयोग किया जाना धान फसल के लिए फायदेमंद मंद नहीं है। इसके स्थान पर एनपीके वाली लिक्विड खाद का उपयोग करें, लेकिन किसानों को वह भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

#### किसानों में देखने मिल रही नाराजगी

बता दें कि राजनांदगांव जिले से लेकर वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले में उपरोक्त खाद की भारी किल्लत होने से क्षेत्र के किसानों में खासी नाराजगी बनी हुई है। उनका कहना है कि मांग के बाद भी समितियों में यूरिया और डीएसपी खाद के साथ-साथ अन्य खाद का पर्याप्त भंडारण नहीं किया गया है। इससे समय पर किसान अपने खेतों में उक्त खाद का उपयोग नहीं कर पा रहे। इसका सीधा असर फसल पर दिखेगा।

ग्राम पारी के किसान मनोहर साहू ने बताया कि अब जब धान पेंड़ा रहा है तो एक बार यूरिया या डीएपी का छिड़काव हो जाता तो फसल के लिए अच्छा है, लेकिन खाद ही नहीं मिल पा रहा यह परेशानी का कारण बना हुआ है। जिला सहकारी बैंक सीईओ प्रभात मिश्रा की मानें तो जिले में लक्ष्य का 84 प्रतिशत खाद भंडारित समितियों में कराई जा चुकी है। वहीं विकल्प के रुप में अन्य खाद की भी व्यवस्था कराई जा रही है।

#### शुरुआती दिनों से ही खाद की बनी हुई है किल्लत

बताते चलें कि इस वर्ष अपेक्षा के अनुरूप यूरिया और डीएसपी खाद का भंडारण नहीं होने के कारण किसानों को शुरुआती दिनों से ही खाद के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजनांदगांव जिले के अंतर्गत आने वाली 96 सोसायटियों के माध्यम से खाद-बीज और ऋण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिले की समितियों में इस वर्ष यूरिया खाद भंडारण का लक्ष्य 20500 मिट्रिक टन का रखा गया था, लेकिन इसमें से 14509 मिट्रिक टन यूरिया खाद भंडारित हो पाई। समितियों में मात्र 476.6 मीट्रिक टन यूरिया खाद शेष बताई जा रही है। इसी तरह सुपर फास्फेट खाद का भंडारण का लक्ष्य 8661 मीट्रिक टन का बताया जा रहा है। जिसमें से 6586 मीट्रिक टन खाद का उठाव किसान कर चुके हैं। समितियों में मात्र 810.3 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट खाद शेष है।

#### लक्ष्य के अनुरूप सोसायटियों में भंडारित खाद

बताया गया कि जिले में डीएपी खाद का भंडारण का लक्ष्य 3667 मीट्रिक टन का है। जिसमें से लक्ष्य से अधिक 5136.7 मीट्रिक टन भंडारित हुई है। समितियों में मात्र 478.6 मिट्रिक टन खाद शेष है। इस प्रकार पोटास खाद का भंडारण का लक्ष्य 2970 मीट्रिक टन का बताया जा रहा है। जिसमें से लक्ष्य से अधिक 3299 मीट्रिक टन खाद भंडारित हुई हैं। वर्तमान में समितियों में 489 मिट्रिक टन खाद शेष है। एनपीके खाद का भंडारण का लक्ष्य में से 9480 मीट्रिक टन खाद भंडारित हुई है। समितियों में मात्र 76.8 मैट्रिक टन खाद शेष है। इस तरह देखा जाए तो जब खेतों में उग आए फसलों को जब ज्यादा जरुरत इन खाद की है। ऐसे समय में किसानों को खाद नहीं प्राप्त होना निश्चित ही परेशानी का विषय है। किसान नेता अशोक चौधरी का कहना है कि उपरोक्त खाद के अभाव में नैनो यूरिया व डीएपी का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन किसान इन खाद के उपयोग का रिस्क उठाना नहीं चाहते। इसलिए उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। वे चाहे तो इस संबंध में 1555 कृषि विज्ञान सेक्टर नई दिल्ली से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

## बसंतपुर पुलिस ने अपहरण और मारपीट के आरोपियों को किया गिरफ्तार

#### गिरफ्तार आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डण्डा व वाहन पुलिस ने किया जप्त



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना पुलिस ने शहर में एक व्यक्ति का अपहरण और मारपीट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई थार गाड़ी और डंडा भी जब्त कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि 28 अगस्त को पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार उस दिन शाम को उसका कुछ लोगों से पुराने लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। जब वह अपने दोस्त के साथ कपड़ों की डिलीवरी करने जा रहा था, तब उसे रोका गया।

#### क्या थी घटना?

आरोपी अमन जेम्स, विपिन जानवेल्स, विवेक राय और भावेश साहू उर्फ टीकू ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर उसे स्कूटी से उतारकर जबरदस्ती एक काले रंग की थार गाड़ी में बैठा लिया। वे उसे बरगई नाले के पास ले गए। जहां उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान भावेश उर्फ टीकू ने अपने पास रखे डंडे से पीड़ित के साथ मारपीट की और उसे नदी में फेंकने की कोशिश भी की। पीड़ित की रिपोर्ट पर बसंतपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी एमन साहू के साथ उप निरीक्षक सतउ राम नेताम, नरेश सर्वा, आरक्षक आशीष मानिकपुरी, मोहसीन खान और बी-09 पेट्रोलिंग टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## स्कूटी में छिपाकर घूम-घूमकर शराब बिक्री कर रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा



आरोपी से स्कूटी सहित 23 पौवा देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 240 रूपये जब्त

राजनांदगांव (दावा)। बोरतलाव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में स्कूटी में छीपाकर शराब रखकर उसे घूम-घूमकर बेचने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से उक्त स्कूटी सहित 23 पौवा देशी प्लेन शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त की है।

बोरतलाव थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम की दिशा निर्देश में शराब तस्करी रोकने 28 अगस्त को ग्राम भ्रमण गस्त दौरान मुखबीर की सूचना मिली कि ग्राम बोरतलाव बंटी ढाबा के पास मेन रोड एक व्यक्ति पुराना इस्तेमाली स्कूटी क्रमांक सीजी 08 एयू 6984 के पीछे डिक्की में छिपाकर अवैध रूपए से शराब बिक्री कर रहा है। उक्त सूचना पर रेड कार्यवाही कर स्कूटी में रखे 23 पौवा देशी प्लेन मदिरा शराब प्रत्येक में 180 एमएल जुमला 4.140 बल्कलीटर कीमत 1840 रूपए को परिवहन कर रहा है। इस सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के घेराबंदी कर स्कूटी को पकड़कर चालक व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम अजय कुमार मंडावी पिता हुकुम राम मंडावी उम्र 20 साल निवासी फकीरटोला अंडी, वार्ड नंबर 16 थाना बोरतलाव का होना बताया और स्कूटी के पीछे डिक्की में छिपाकर रखे 23 पौवा देशी प्लेन शराब को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना बोरतलाव में अपराध क्र. 41/25 धारा 34(1) आब. एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया।

## गायत्री परिवार का 'अखंड ज्योति रथ' नांदगांव पहुंचा



राजनांदगांव (दावा)। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित 'अखंड ज्योति रथ' वर्तमान में राजनांदगांव जिले का दौरा कर रहा है। यह रथ केवल एक वाहन नहीं, बल्कि युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों और आध्यात्मिक संदेशों का एक चलता-फिरता केंद्र है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने, ज्ञान का प्रकाश फैलाने और नैतिक मूल्यों की स्थापना करने के लिए प्रेरित करना है। गायत्री शक्तिपीठ के उपजोन समन्वयक नंदकिशोर सुरजन ने बताया कि यह रथ हर घर तक अखंड ज्योति का संदेश पहुंचा रहा है, जिसका लक्ष्य समाज को एकजुट कर एक बेहतर भविष्य का निर्माण करना है।

#### ज्ञान और प्रेरणा का संदेश

अखंड ज्योति रथ का संदेश है कि हर व्यक्ति अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानकर उसे समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए इस्तेमाल करे। रथ के साथ चल रहे गायत्री परिवार के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को यज्ञ, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बता रहे हैं। गायत्री परिवार ने सभी से अनुरोध किया है कि वे इस आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा बनें और इस रथ के माध्यम से मिलने वाले ज्ञान और प्रेरणा को अपने जीवन में अपनाकर एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 10 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 10 सितम्बर को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में जय भोले फायनेशियल सर्विसेस रिसाली दुर्ग द्वारा इंश्योरेंस एडवाईजर के 20 पद एवं फायर एण्ड सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्ट्रीट्यूट राम नगर सुपेला भिलाई द्वारा फायर मेन के 20 पद, सिक्योरिटी गार्ड के 150 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, ड्राईवर हेवी लाईसेंस के 10 पद, होम केयर टेकर सर्विसेस के 100 पद तथा शिव शक्ति एग्रीटेक प्राईवेट लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा सेल्स रिप्रेसेटेटिव के 140 पद पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है।

### रजिस्ट्री पेपर गुमा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नाम वीणा भवालकर पिता विलास भवालकर निवासी राजनांदगांव के नाम से रजिस्ट्री दिनांक 24/01/1991 की थी। जिसका खसरा नंबर 39/2 का टुकड़ा रकबा 40x60=2400 वर्ग फीट का मूल रजिस्ट्री कागजात को निवास स्थान लखोली से कैलाश नगर के बीच कहीं गुम हो गया है। मुझें ऐसा प्रतीत होता हैं कि उक्त रजिस्ट्री कागजात मिलने की संभावना नहीं है। उक्त जमीन वर्तमान में पंकज पढारिया आ. श्री पुरूषोत्तम पढारिया निवासी विकास नगर तह. एवं जिला राजनांदगांव के नाम से पंजीकृत है। उक्त पंजीकृत दस्तावेज की गुम सूचना थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव (छ.ग.) में दर्ज की गई है। सूचना जानें।

सूचनादाता
**पंकज पढारिया**
आ. श्री पुरूषोत्तम पढारिया
विकास नगर, लखोली,
राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
1-3-8
257-4 677-0
राजधानी
2-5-7
478-9 588-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग**

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

ज्ञाप क्र. 5772/ नि.प्र. क्र.-08/लो.नि.वि./2025-26 दुर्ग, दिनांक 25/08/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 04/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 11/09/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 12/09/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0055 | E/F work for Annual Maintenance of N.R.B. of District Administration under PWD (E/M) Sub Division, Durg (2nd Call) | 4.00 Lacs |
| (2) T0056 | E/F work for Annual Maintenance of N.R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Durg (2nd Call) | 3.50 Lacs |
| (3) T0057 | E/F work for Annual Maintenance of AC, Pump & Fan Rewinding of C.H. & R.H. under PWD (E/M) Sub Division, Durg (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (4) T0058 | Providing A.R. work to R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Rajnandgaon (2nd Call) | 4.50 Lacs |
| (5) T0059 | Providing A.R. work to N.R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Rajnandgaon (2nd Call) | 3.00 Lacs |
| (6) T0060 | Providing A.R. work of A.C, Fridge, Water Cooler, Pump & Fans Rewinding to C.H. & R.H. Buildings under PWD (E/M) Sub Division, Rajnandgaon (2nd Call) | 2.50 Lacs |
| (7) T0061 | Providing O.M. of Electrical items in R.B. under P.W.D. (E/M) Sub Division, Kawardha (2nd Call) | 5.00 Lacs |
| (8) T0062 | Providing O.M. of Electrical items in N.R.B. under P.W.D. (E/M) Sub Division, Kawardha (2nd Call) | 2.50 Lacs |
| (9) T0063 | Providing O.M. of A.C., Fridge, R.O., Water cooler, Pump & Fan Rewinding in C.H. & R.H. Buildings under P.W.D. (E/M) Sub Division, Kawardha (2nd Call) | 1.00 Lacs |
| (10) T0064 | E/F work for Annual Maintenance of R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Balod (2nd Call) | 2.28 Lacs |
| (11) T0065 | E/F work for Annual Maintenance of N.R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Balod (2nd Call) | 3.01 Lacs |
| (12) T0066 | E/F work for Annual Maintenance of AC, Fridge, water cooler, Pump & Fan Rewinding of C.H. & R.H. under PWD (E/M) Sub Division, Balod (2nd Call) | 1.80 Lacs |
| (13) T0067 | General Annual E/F Repair work in R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Bemetara (2nd Call) | 4.50 Lacs |
| (14) T0068 | General Annual E/F Repair work in N.R.B. under PWD (E/M) Sub Division, Bemetara (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (15) T0069 | E/F work for A.R. work to R.B. under PWD (E/M) Sub Division, KCG (2nd Call) | 4.50 Lacs |
| (16) T0070 | E/F work for A.R. work to N.R.B. under PWD (E/M) Sub Division, KCG (2nd Call) | 2.00 Lacs |
| (17) T0071 | E/F work for Annual Maintenance of R.B. under PWD (E/M) Sub Division, MMAC (2nd Call) | 2.28 Lacs |
| (18) T0072 | E/F work for Annual Maintenance of N.R.B. under PWD (E/M) Sub Division, MMAC (2nd Call) | 3.01 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीपः- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

कार्यपालन अभियंता
जी- 252603094/2 लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग



dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
ता. 29 से रोजाना 3 खेल
फिल्म की लंबाई होने के कारण समय पर ध्यान दें
दन्तेला
हॉरर फिल्म
शो समय : 11.45 दिन में, 3.45 दोपहर व 8.30 रात में



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com



SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th Aug to 04th Sep 2025



Param Sundari - 12:30, 03:00, 03:30, 06:30 09:15 & 09:30 pm
Dantela (C.G) - 12:00 pm
War 2 - 06:00 pm
Coolie - 12:00, 03:15 & 09:15 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 06:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

# सोने की जेवर चोरी करने वाली अंतर्राज्यीय महिला चोर गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ी



नागपुर महाराष्ट्र से 3 महिलाएं व एक खरीददार को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। सायबर सेल एवं थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के चलते सोने के जेवर चोरी करने वाली नागपुर महाराष्ट्र की 3 महिलाएं व चोरी के उक्त गहने जेवर खरीदने वाले सुनार को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जाता है कि उक महिला चोरो ने प्रार्थिया के पास से सोने के जेवर 1 चोकर, 1 मंगलसूत्र, ईयर रिंग, अंगुठी कीमती 2,50,000 रूपये की चोरी की थी। आरोपी महिलाओं ने चोरी किए गए उक्त सोने के आभूषण को सोनार के पास बेचा था। पुलिस टीम ने खरीददार सोनार से गलाया हुए 24.85 ग्राम सोना बरामद किया है। बताया जाता है कि उक्त चोरी के संबंध में पुलिस को त्रिनेत्र योजना के तहत शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे से महत्वपूर्ण सुराग मिली। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### यात्री बस में ही उड़ाए लिए थे जेवर

घटना के संबंध में बताया गया कि प्रार्थियां श्रीमती नीता शर्मा पति संतोष शर्मा उम्र 46 साल निवासी संत रविदास नगर वार्ड नं. 2 डोंगरगांव द्वारा 28 अगस्त गुरुवार को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह 25 अगस्त को अपने मायके जाने के लिए डोंगरगांव बस स्टैण्ड से भारत ट्रेव्हल्स में बैठकर राजनांदगांव जाने के लिए निकली थी कि जंगलपुर के पास रास्ते में तीन औरते बस में चढ़ी और लड़ाई झगड़ा कर बीच में बैठ गई। बस स्टैण्ड राजनांदगांव में उतरने के बाद कवर्धा जाने के लिए दूसरी बस में बैठकर टिकट देने के लिए देखा तो सोने का 1 चोकर, 1 मंगलसूत्र, ईयर रिंग एवं अंगूठी जुमला अनुमानित कीमत 2,50,000 रूपए नहीं था। उक्त महिला द्वारा बस में बैठने वाली उक्त तीनों महिलाओं द्वारा चोरी करना व उन्हे देखने से पहचान लेने की बात कही। इस पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए उन अज्ञात महिलओं के खिलाफ अप.क्र. 452/25 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### खंगाले गए सीसीटीवी कैमरे

उक्त टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल डोंगरगांव रोड़ तथा नागपुर महाराष्ट्र हाईवे में त्रिनेत्र प्रोजेक्ट के तहत लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया। जिसके आधार पर कन्हान, कामठी नागपुर महाराष्ट्र पहुंचकर आरोपी बिजुरिया बाई, पूजा नाडे व रेखा पात्रे को संतरापुर वार्ड नंबर 1 थाना कन्हान जिला नागपुर महाराष्ट्र को घेराबंदी कर पूछताछ की गई। इस पर आरोपी महिलाओं द्वारा राजनांदगांव में बस में सवार यात्री महिला के सोने के जेवरात को चोरी कर सतीष वर्मा पिता रामदयाल वर्मा उम्र 37 साल निवासी मेन रोड पुराना पुलिस स्टेशन कामठी थाना कामठी जिला नागपुर महाराष्ट्र के पास बेचना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा खरीददार सतीष वर्मा को तलाश कर पूछताछ पर उक्त चोरी के जेवरात को खरीदकर गलाकर अपने पास रखना बताया गया। गलाये हुए सोने 24.85 ग्राम को जप्त कर चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से 29 अगस्त शुक्रवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी कोतवाली, निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक योगेश कुमार पटेल, प्र.आर. जी सिरील कुमार, महिला आरक्षक वर्षा ध्रुव एवं सायबर सेल स्टॉफ उप निरीक्षक कैलाशचंद मरई, प्र.आर. बसंत राव, आरक्षक परिवेष वर्मा, योगेश राठौर एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# मां बम्लेश्वरी मंदिर के कर्मचारी ने की आत्महत्या



- कर्मचारी चंदू प्रसाद ने मृत्यु के पूर्व लिखे तीन पेज के सुसाइड नोट में ट्रस्ट समिति के वरिष्ठ ट्रस्टी व कर्मचारी के नाम का उल्लेख
- पुलिस कर रही है विवेचना, लंबे समय से चल रहे आर्थिक लेन-देन का होगा खुलासा

डोंगरगढ़ (दावा)। माता का भोग प्रसाद वाले काउंटर में कार्य करने वाले मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के कर्मचारी चंदू प्रसाद द्वारा ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक चंदू प्रसाद ने मृत्यु के पूर्व तीन पेज का सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी व कर्मचारियों के नाम का उल्लेख करने की जानकारी सूत्रों से प्राप्त हुई है। पुलिस की विवेचना में मंदिर ट्रस्ट में लंबे समय से चल रहे आर्थिक लेन देन का खुलासा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारी को मंदिर ट्रस्ट की ओर से राशि की रिकवरी को लेकर पत्र भी जारी किया गया था। रेलवे क्षेत्र में घटित घटना की विवेचना प्रारंभिक तौर पर, जीआरपी रेलवे पुलिस द्वारा की जा रही है। मृतक की बॉडी को शासकीय हॉस्पीटल के मर्चुरी वार्ड में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद बॉडी परिजनों को सौंपी जाएगी। कालका पारा स्थित मिसयाबाड़ा निवासी मृतक चंदू प्रसाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गणेश प्रसाद एवं अधिवक्ता श्याम प्रसाद का छोटा भाई था। जिसका अंतिम संस्कार आज छीरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# सांसद ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर शिशु संरक्षण माह का किया शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पाण्डेय ने जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया। जिले में 29 अगस्त से 30 सितम्बर 2025 तक शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है। इसके तहत 9 माह से 5 वर्ष के 89158 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जा रही है। 6 माह से 5 वर्ष तक के 94403 बच्चों को आयरन सिरप 1 एमएल सप्ताह में 2 बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों के निगरानी में पिलायी जाएगी। मितानिनों द्वारा टीकाकृत किए जाने वाले बच्चे तथा टीकाकरण के छूटे बच्चों को खोजकर अभियान के दौरान टीकाकरण किया जाएगा तथा बच्चों की हीमोग्लोबिन एवं कुपोषण की जांच की जाएगी। जांच में कुपोषित पाए गये बच्चों को सुपोषित करने के लिए एनआरसी में भर्ती किया जाएगा। इस अवसर पर आशुतोष ठाकुर, जीवन दीप समिति के सदस्य संदीप भट्टाचार्य, अरविंद सिन्हा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन सहित सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला प्रबंधक शहरी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं मितानिन उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन में आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु मॉक ड्रिल आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रेल्वे स्टेशन में आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु माकड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में आयोजित उक्त मॉक ड्रिल के अंतर्गत गाड़ी संख्या 18029 कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस के कोच बी-5 में डॉग स्क्वाड एवं बम निरोधक दस्ते के साथ संदिग्ध वस्तु एवं मादक पदार्थों की जांच की गई। वहीं गाड़ी संख्या 22816 एर्नाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस में आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर यात्रियों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास किया गया। इसी तरह रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया एवं गुड्स ट्रेन (कोयला लोड) में आग लगने की स्थिति में आग पर नियंत्रण और बचाव कार्य का भी अभ्यास किया गया।

इस दौरान रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, डॉग स्क्वाड, बम स्क्वाड, अग्निशमन दल, स्वास्थ्य विभाग एवं रेलवे अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। रेल्वे सुरक्षा बल प्रभारी तरुणा साहू व स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन ने बताया कि उक्त माकड्रिल में जीआरपी प्रभारी जनक लाल तिवारी व स्टाफ तथा चिखली थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव व स्टाफ एवं तुमड़ीबोड़ थाना प्रभारी दिलीप पटेल बम स्क्वाड प्रभारी रमेश कुमार सोनवानी व स्टाफ कोतवाली थाना निरीक्षक योगेश पटेल व स्टाफ सहित फायर स्टेशन प्रभारी हवलदार विमल दास वैष्णव व टीम सक्रिय रूप से शामिल रहे।

### यात्रियों से की गई अपील

रेल्वे सुरक्षा बल निरीक्षक श्रीमती तरुणा साहू ने बताया कि ड्रिल में संदिग्ध वस्तु की पहचान, यात्रियों की सुरक्षित निकासी, आपदा प्रबंधन और त्वरित समन्वय का अभ्यास कराया गया। साथ ही यात्रियों को सुरक्षा संबंधी सतर्कता बरतने की अपील भी की गई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल समय-समय पर आयोजित की जाती रहेगी, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# वर्तमान चुनौतियों को धता बताकर देश विजयी होगा - मिश्रा



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के मौके पर भारतीय मजदूर संघ जिला राजनांदगांव की ओर से ग्राम उरईडबरी में वृक्षारोपण व पर्यावरण जन-जागरण अभियान का आयोजन रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए छग श्रम कल्याण मण्डल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को लेकर समूचा संसार सजग है। पूरे विश्व में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य हो रहा है। इसी क्रम में देश के सबसे बड़े श्रम संगठन भारतीय मजदूर संघ ने भी 28 अगस्त को राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस घोषित कर पर्यावरण के प्रति लोगों को सजग कर रहा है। इसी वजह से इस ग्राम में भी यह आयोजन हो रहा है।

श्री मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता से ही हम भावी पीढ़ी के जीवन को संवार सकते हैं। वृक्ष लगाना और उसका पोषण करना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने देश के समक्ष वर्तमान चुनौतियों पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के सामने वर्तमान में आई चुनौतियां समय के साथ समाप्त हो जाएगी। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। भारत की ऐतिहासिक प्रगति कतिपय स्वनामधन्य देशों को रास नहीं आ रही है और वह देश की प्रगति में टैरिफ का रोड़ा अटका रहे हैं, पर वे यह भूल जाते हैं कि भारत में देशभक्ति चरम पर होती है। राष्ट्र पर आए संकट से निपटने के लिए पूरे भारतवासी हमेशा विपरीत परिस्थितियों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं।

श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी मंत्र को वर्तमान संकट का समाधान बताते हुए कहा कि हम सब देश में बनी वस्तुओं का उपभोग करने लगे तो वर्तमान संकट निर्मूल साबित हो जाएगा। यही कारण है कि प्रधानमंत्री जी ने पूरे देशवासियों को स्वदेशी का मंत्र दिया है। समारोह में आम, आंवला, नीम, सीताफल और मुनगा के दर्जनों पेड़ लगाए गए तथा ग्रामवासियों ने इनके संरक्षण का संकल्प लिया। समारोह में ग्राम के सरपंच प्रीतम मारकण्डे विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने किया। इस दौरान कोमल साहू, लोकेश साहू, श्रीमती भारती शर्मा, लोमस वर्मा, चंद्रशेखर साहू, मणिलाल साहू, गोपाल दास साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। समारोह में आभार प्रदर्शन भारतीय मजदूर संघ के पर्यावरण प्रमुख जयप्रकाश साहू ने किया।

# मां अंबे धाम सिद्धिविनायक गणेश मंदिर पहुंचे नीलू

### भगवान गणेश से प्रदेश की सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना



राजनांदगांव। छग पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार लखोली स्थित मां अंबे धाम सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। मंदिर प्रांगण में उनके आगमन पर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए श्री शर्मा ने भगवान गणेश से प्रदेश की शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान पूरा परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया।

श्री शर्मा ने कहा कि पर्यटन मंडल का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सिद्धि विनायक मंदिर में दर्शन का अवसर मिला है। यह सब गणेश जी की कृपा से संभव हुआ है। मैं समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देता हूँ। हर वर्ष यहां आकर भगवान से आशीर्वाद लेना मेरा संकल्प रहेगा। मैं प्रदेश, जिले और शहर की निरंतर उन्नति व खुशहाली की कामना करता हूँ। पूजा-अर्चना के उपरांत श्री शर्मा ने मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के संरक्षक एवं पूर्व पार्षद गप्पू सोनकर ने बताया कि प्रतिदिन भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंडल के अध्यक्ष का आगमन मंदिर समिति के लिए गर्व का विषय है और उनके स्वागत के लिए समिति ने विशेष व्यवस्था की थी। श्री शर्मा के इस आगमन से मंदिर प्रांगण में भक्तिमय उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# पेंड्री क्षेत्र में शराब दुकान खोलने से वार्डवासियों में आक्रोश

राजनांदगांव (दावा)। पेंड्री क्षेत्र के वार्ड नंबर 21 रेवाडीह में आबकारी विभाग द्वारा दो शराब दुकान संचालित किए जाने से क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार जहां एक ओर शिक्षा को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा के गढ़ कहे जाने वाले इस इलाके को शराब की लत से दूषित कर रही है।

गौरतलब है कि पहले यहां एक दुकान संचालित थी, लेकिन सरकार के सहयोग और स्थानीय भाजपा नेताओं की संलिप्तता से दूसरी दुकान भी खोल दी गई। विरोध के बावजूद दुकानें बंद नहीं की गईं। क्षेत्रवासी बताते हैं कि पेंड्री क्षेत्र एजुकेशन हब के रूप में जाना जाता है। यहां एकलव्य विद्यालय, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, आईटीआई, हाई स्कूल और उद्यानिकी कॉलेज सहित कई शैक्षणिक संस्थान संचालित हैं, जिनमें हजारों छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। स्थानीय नागरिकों ने दुकानों को बंद करने के लिए हरसंभव प्रयास किया था और यह प्रयास जारी है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि विद्यार्थियों के भविष्य और क्षेत्र की शैक्षणिक छवि को बचाने के लिए शराब दुकानों का संचालन तत्काल रोका जाना चाहिए। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

# नवरत्न मंडल में इस वर्ष दिखेगा 'गंगा अवतरण' का अद्भुत नजारा



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामाधीन मार्ग स्थित नवरत्न मंडल द्वारा गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। स्थल सजावट में गंगा अवतरण व गंगा पूजा को दिखाया जा रहा है। जिसमें लोगों को गंगाजी के दर्शन होंगे। गंगा अवतरण व गंगा पूजा को आकार देने में समिति के सदस्यगण तनमन से लगे हुए है। साथ ही रामाधीन मार्ग में कलकत्ता से लाई गई विशेष लाईटिंग दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। प्रवेश द्वारा भी नयनाभिराम बनवाया गया है, जो दर्शकों को रोमाचिंत करेगा। विसर्जन झांकी भी आकर्षक होगी।

इस हेतु मंडल की बैठक में विभिन्न पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मिति से किया गया है। जिसमें संरक्षकगण विजय कुमार अग्रवाल, रामअवतार रूगंटा, मोतीलाल सोनी, हरिनारायण अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अशोक खंडेलवाल, बृजकिशोर सुरजन, रतन लाल गोलछा, सर्वाधिकार समिति में सुनील अग्रवाल, सुनील मुंदड़ा, नंदकिशोर सोनी, राजेश बागड़ी, प्रमुख सलाहकार पारस अग्रवाल, किशन अग्रवाल, राजेश खंडेलवाल, विजय सोनी, अध्यक्ष अजय खंडेलवाल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विजय शर्मा, संतोष पुरोहित, अमित खंडेलवाल, दीपक साव, सचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल, सहसचिव रौनक चैहान, शशांक अग्रवाल, अंकित खंडेलवाल, अंकेश खंडेलवाल, पूजा प्रभारी यश अग्रवाल कृष्णा शर्मा, हर्षित अग्रवाल, स्थल सजावट प्रभारी जगन चकोले, रज्जू अग्रवाल, व्यवस्था प्रभारी विकास सोनी, अमित खंडेलवाल, सचिन दिवेद्वी, चंदा प्रभारी राकेश यादव, निरव खंडेलवाल, विसर्जन झांकी प्रभारी गौरव खंडेलवाल, हिमांशु बजाज, निकुंज खंडेलवाल, कुशल खंडलेवाल, पुष्पक शर्मा, सौरव, खंडेलवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रतीक राय, कुशल गुप्ता, स्वप्निल कन्नौजे, जुलूस प्रभारी, अरूण खंडेलवाल, राजेन्द्र महोबिया, अशोक गुप्ता, राजेश खोखरिया आदि को बनाए गए है।

# ईद मिलादुन्नबी पर शराब दुकानें बंद करने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। आगामी ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जिले में 'ड्राई डे' घोषित करने की मांग को लेकर मुस्लिम तेली युवा संगठन ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने शुक्रवार 5 सितंबर को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर जिले की सभी शराब दुकानों को बंद रखने की अपील की है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी का पर्व पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। इस दिन शहर और जिलेभर में जुलूस निकाले जाते हैं और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। ऐसे में समाज की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए शराब की दुकानें बंद रखना जरूरी है।

ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के अध्यक्ष जुनैद बड़गुजर, आफताब अहमद, जावेद गोरी, सद्दाम हुसैन गोरी, मैनू झाडूदिया, समीर खान, शेख मिनाज, नदीम बडगुजर, मुशर्रफ जोया, इब्राहिम झाडूदिया, करीम बड़गुजर, अयाज सोलंकी और गुलाम बडगुजर सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे। संगठन ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि धार्मिक सौहार्द और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं।

# शासकीय मेडिकल कॉलेज की सेवाओं के प्रति विश्वसनीयता कायम रखें - कलेक्टर




कलेक्टर ने शासकीय मेडिकल कॉलेज में नए सीटी स्कैन मशीन एवं रेडियो डायग्नोसिस कक्ष का किया निरीक्षण, सभी डॉक्टर, नर्स एवं अन्य स्टॉफ मरीजों के साथ करें अच्छा व्यवहार

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में नवनिर्मित सीटी स्कैन मशीन एवं रेडियोडायग्नोसिस कक्ष का निरीक्षण किया तथा चिकित्सकों एवं स्टॉफ के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में जनसामान्य की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए लगाए जा रहे नए सीटी स्कैन मशीन का कार्य सितम्बर माह के पहले सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीटी स्कैन मशीन का अवलोकन किया तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रॉमा सेंटर के भूमिपूजन, शासकीय मेडिकल कालेज परिसर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने, कालेज के प्रवेश द्वार के निर्माण करने के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि शासकीय मेडिकल कालेज पेण्ड्री जनसामान्य को चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सर्वसुविधायुक्त होना चाहिए। यहां आने वाले मरीजों की चिकित्सा पर विशेष ध्यान देते हुए सभी डॉक्टर, नर्स एवं अन्य स्टॉफ मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने के लिए सभी नर्स एवं स्टॉफ की काउंसलिंग करने के लिए कहा। उन्होंने सभी से कहा कि अच्छा कार्य करें तथा शासकीय मेडिकल कॉलेज की सेवाओं के प्रति विश्वसनीयता कायम रखें। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में आपसी समन्वय बनाये रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय मेडिकल कालेज में आयुष्मान कार्ड के हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 84 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड ब्लाकिंग किया गया है, जिसे और बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने हृदय रोग विभाग के लिए कैथ लैब हेतु नये प्रोजेक्ट अंतर्गत फ्लोर बनाने के प्रस्ताव के संबंध में सीजीएमएससी से जानकारी ली। बैठक में चिकित्सालय में सीएसएसडी निर्माण, माड्यूलर किचन एवं अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान डीन शासकीय मेडिकल कालेज डॉ. पंकज लुका, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल देशकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, सिविल सर्जन डॉ. यूके चंद्रवंशी, उप अधीक्षक डॉ. पवन जेठानी, विभागाध्यक्ष स्त्रीरोग विभाग डॉ. मीना आरमो, विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी डॉ. अराधना टोप्पो, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री चौरसिया सहित अन्य चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# गणेश चतुर्थी पर निखिल साहू ने बनाई विघ्नहर्ता गणेश की मनमोहक रंगोली



राजनांदगांव (दावा)। आदर्श ग्राम सुरगी से सटे ग्राम कोटराभाठा के 21 वर्षीय युवक निखिल साहू ने गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की एक मनोहारी रंगोली पेंटिंग बनाई है। निखिल ने बताया कि उन्होंने भगवान गणेश को 'विघ्नहर्ता' के रूप में चित्रित किया है, क्योंकि यज्ञ के दौरान दुष्टों का नाश करने के कारण ही उन्हें यह नाम मिला है। उनकी यह कलाकृति 'हाइपर रियलिज्म' शैली में बनाई गई है, जो इसे बिल्कुल सजीव और मनमोहक बनाती है। ग्राम पंचायत कोटराभाठा के सरपंच डान कुमार साहू ने निखिल की तारीफ करते हुए कहा कि वह गांव के एक होनहार युवा हैं, जो किसी भी चित्र को हूबहू अपनी कला से बना लेते हैं। उन्होंने गणेश पर्व के अवसर पर विघ्नहर्ता गणेश की यह अद्भुत रंगोली बनाकर अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

## अनमोल दावा

"कठोर परिश्रम करने वाला कभी भूखा नहीं रह सकता।"

## सम्पादकीय

# अमेरिका की दादागिरी के सामने भारत की सायलेण्ट डिप्लोमेसी

डोनाल्ड ट्रम्प ने अंततः भारत पर 50 प्रतिशत टेरिफ लगाना शुरू कर दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प का दावा है कि वे इतनी टेरिफ लगायेंगे कि आपका सिर ही चकरा जायेगा। अब पूरा मामला ''ईगो'' पर आ गया है। राष्ट्र प्रमुख के लिए जो अशोभनीय है, वैसी बातें ट्रम्प कर रहे हैं। वे भी लोकतांत्रिक देश के प्रेसीडेन्ट है। कम से कम इसका ख्याल तो रखा होता? सम्पूर्ण विश्व की निगाहें ट्रम्प पर है। अवसर का लाभ उठाने में माहिर नरेन्द्र मोदी ऐसे समय विश्व को भारत की ताकत का ट्रेलर दिखा रहे हैं।

भारत से अमेरिका में निर्यात करने वाली तमाम वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टेरिफ लगाना शुरू हो गया है, तभी वास्तविकता से परे स्वयं अमेरिका के विशेषज्ञों के द्वारा ट्रम्प के निर्णय का विरोध किया जा रहा है। ट्रम्प के टेरिफ कार्ड से अमेरिका में ही गत जून 25 को ग्राहकों पर 22 प्रतिशत तक बोझ बढ़ गया था। अब जानकारों का कहना है कि अमेरिका के ग्राहकों पर आगामी दिनों में 67 प्रतिशत तक का बोझ पड़ेगा। प्रेसिडेन्ट ट्रम्प के जो आर्थिक सलाहकार हैं, वे लोग भले ही अभी मौन साधे हों, परन्तु, हकीकत यह है कि, भारत से निर्यात होनें वाले वस्त्रों-कपड़े, दवाएं तथा अन्य चीज वस्तुओं की अमेरिका में भारी मांग है। भारत अपनी कुल निर्यात की 18 प्रतिशत निकासी केवल अमेरिका में करता है। इन निर्यात होनें वाली चीज-वस्तुओं की कीमत 79 अरब डालर होती है। अब जब इन निर्यात होने वाली वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैक्स लगाने की घोषणा करके ट्रम्प ने अमेरिका में ''मेड इन इंडिया '' वाली वस्तुओं को मंहगा कर दिया है। वहां के नागरिकों के लिए यह बहुत ही गैरवाजिब होगा। दूसरी बात यह कि, अमेरिका भारत की वस्तुओं को खरीदना बंद करेगा याने भारत में प्रोडेक्शन बंद हो जाएगा, ऐसा मानते होंगे तो वे भ्रम में हैं।

भारत अपनी कुल निर्यात का 18 प्रतिशत ही अमेरिका में निर्यात करता है, जिसकी कीमत 79 अरब डालर होती है। प्रेसिडेन्ट ट्रम्प ने अभी भारत और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ठीक से पहिचाना नहीं है। इसके पूर्व भी समय-समय पर अमेरिका ने भारत पर विभिन्न प्रतिबंध लगाए थे। किन्तु, भारत ने तत्कालीन इंदिरा गांधी, पी.एम के कार्यकाल में अमेरिका के प्रतिबंधों को नकार कर अणु धमाका कर दिखाया था। उस समय भी भारत स्वाभिमान से सुरक्षित खड़ा था। वर्तमान में भी नरेन्द्र मोदी ने पहले ही 15 अगस्त को लाल किले से कहा था कि आगामी दिनों में भारत अमेरिका की हरकतों का माकुल जवाब देगा। प्रधानमंत्री को वास्तव में पहले ही पूर्वाभास हो चुका था। इसी कारण, नरेन्द्र मोदी ने भारत में प्रवत्तमान जीएसटी की दरों को कम कर दिया है। इससे घरेलु उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इसी के साथ, प्रधानमंत्री ने कहा था कि, ''स्वदेशी अपनाएं''

अमेरिका जैसा देश अगर हमें टेक्नालाजी से लेकर अन्य वस्तुओं जो हमारे लिए जरूरी है, वह नहीं देगा तो भारत के अन्य देशों के साथ अच्छे संबंध है, वहां से वे चीज-वस्तुएं आयात कर सकता है। भारत में अमेरिका का कुल निर्यात केवल दो प्रतिशत है। इन चीज वस्तुओं की कोई चिन्ता भारत को नहीं है। वर्तमान में अमेरिका जिस प्रकार से भारत पर शाब्दिक व आर्थिक आक्रमण कर रहा है, उसके सामने प्रधानमंत्री ''सायलेन्स डिप्लोमेसी'' अपना रहे हैं। इस कुटनीति के तहत समय गुजारना है। अमेरिका के आक्रमण का भारत जवाब नहीं दे रहा है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री रूस, चीन, जापान के साथ संबंधों को मधुर बनाने प्रयासरत हैं।

# स्कूली बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य : एक सामूहिक जिम्मेदारी

**डॉ. मनोज कुमार तिवारी**

आज के दौर में स्कूली बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और उस पर ध्यान देना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बच्चे हमारे समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं, और एक स्वस्थ भविष्य की नींव उनके शारीरिक और मानसिक कल्याण पर ही टिकी होती है। जिस प्रकार हम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को लेकर सजग रहते हैं, उसी प्रकार उनके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना भी अनिवार्य है।



बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य की चिंताजनक स्थितिः आधुनिक जीवनशैली और प्रतिस्पर्धा के इस युग में बच्चे छोटी उम्र से ही कई तरह के दबावों का सामना कर रहे हैं। आंकड़े इस स्थिति की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। शोधों से यह पता चलता है कि हर 5 में से 1 बच्चे में कोई न कोई भावनात्मक, व्यवहारिक या मानसिक स्वास्थ्य विकार पाया जाता है। लगभग 10 में से 1 युवा किसी न किसी मानसिक स्वास्थ्य चुनौती से जूझ रहा है। यह एक गंभीर विषय है कि 10 से 15 वर्ष की आयु के कई बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनके पास अपनी चिंताओं या उदासी को साझा करने के लिए कोई नहीं है, विशेषकर स्कूल के माहौल में। यह भी एक स्थापित तथ्य है कि लगभग 50त्न मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं 14 वर्ष की आयु तक और 75प्रतिशत समस्याएं 24 वर्ष की आयु तक विकसित हो जाती हैं। भारत में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) के एक अध्ययन में पाया गया है कि भारत के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया कि भारत में लगभग 23त्न स्कूली बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हैं। चिंता की बात यह है कि इनमें से अधिकांश बच्चों को समय पर उचित पहचान और इलाज नहीं मिल पाता, जो उनके भविष्य के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकता है। संपूर्ण विकास के लिए मानसिक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका : स्कूल जाने की उम्र, विशेष रूप से 6 से 14 वर्ष, बच्चों के विकास का एक निर्णायक चरण होता है। इस दौरान उनका शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक, संज्ञानात्मक और शैक्षिक विकास तीव्र गति से होता है। विकास के ये सभी आयाम एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यदि किसी एक आयाम में भी कोई बाधा आती है, तो उसका नकारात्मक प्रभाव अन्य सभी आयामों पर पड़ता है। इसे एक सरल उदाहरण से समझ सकते हैं। मान लीजिए, एक बच्चा शारीरिक रूप से कमजोर है। इस कमजोरी के कारण वह अपने हमउम्र बच्चों के साथ खेलकूद में भाग नहीं ले पाता या पिछड़ जाता है। बार-बार हारने या पीछे रह जाने के अनुभव से उसका आत्मविश्वास कम हो जाता है और वह धीरे-धीरे बच्चों के समूह से कटने लगता है। इस सामाजिक अलगाव के कारण उसका भाषा और संवाद कौशल ठीक से विकसित नहीं हो पाता, क्योंकि भाषा एक अर्जित गुण है जो सामाजिक संपर्क से ही निखरता है।

लगातार नकारात्मक भावनाओं (जैसे उदासी, हीन भावना) से घिरे रहने के कारण उसका भावनात्मक विकास भी प्रभावित होता है। ऐसे बच्चे स्कूल में अक्सर अनुपस्थित रहते हैं और जब उपस्थित होते भी हैं, तो सीखने की प्रक्रिया में पूरी तरह से शामिल नहीं हो पाते। चूंकि शिक्षा का माध्यम भाषा है और उनका भाषा विकास पहले से ही कमजोर है, उन्हें पाठ को समझने में कठिनाई होती है, जिससे उनका शैक्षिक प्रदर्शन भी गिर जाता है। भविष्य में खराब शैक्षिक प्रदर्शन के कारण अच्छे करियर के अवसर कम हो जाते हैं, जिसका सीधा असर उनके आर्थिक और पारिवारिक जीवन पर पड़ता है। इस प्रकार, एक साधारण शारीरिक समस्या मानसिक और भावनात्मक चुनौतियों से जुड़कर बच्चे के संपूर्ण विकास को बाधित कर देती है।

मानसिक रूप से स्वस्थ छात्र के लक्षणः यह जानना महत्वपूर्ण है कि एक मानसिक रूप से स्वस्थ छात्र कैसा होता है। ऐसा बच्चा न केवल अकादमिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करता है, बल्कि जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी संतुलित होता है। कुछ प्रमुख लक्षण इस प्रकार हैं : तार्किक और विवेकशील चिंतन : वह स्थितियों का सही आकलन कर पाता है और सोच-समझकर निर्णय लेता है। समस्या-समाधान की क्षमता : वह चुनौतियों से घबराता नहीं, बल्कि उनका समाधान खोजने का प्रयास करता है। उसमें नए विचारों को सोचने और उन्हें व्यक्त करने का कौशल होता है। सीखने की उत्सुकताः वह नई और उपयोगी अवधारणाओं को आसानी से सीखता है। समायोजन की क्षमता : वह नई और विषम परिस्थितियों में भी स्वयं को प्रभावी ढंग से ढाल लेता है। भावनात्मक संतुलन : वह सकारात्मक भावनाओं को बनाए रखता है और क्रोध, भय या ईर्ष्या जैसी नकारात्मक भावनाओं पर नियंत्रण रखना जानता है।

### शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य का गहरा संबंध

छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का उनके शैक्षिक विकास पर सीधा और गहरा प्रभाव पड़ता है। जब बच्चे नकारात्मक भावनाओं जैसे- भय, क्रोध, घृणा, आत्मविश्वास में कमी या असहायता से ग्रस्त होते हैं, तो उनकी संज्ञानात्मक क्षमताएं (सीखना, याद रखना, सोचना, तर्क करना) ठीक से काम नहीं कर पातीं। उदाहरण के लिए, परीक्षा का अत्यधिक भय याद की हुई चीजों को भी भुला सकता है। इसी तरह, क्रोध की स्थिति में बच्चा अपना नियंत्रण खो देता है और सीखने पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता। दूसरी ओर, शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूल का वातावरण भी छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं। एक सकारात्मक, सहयोगी और सुरक्षित स्कूल का माहौल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, जबकि एक नकारात्मक या दमनकारी वातावरण उनमें तनाव और चिंता पैदा कर सकता है। शिक्षकों का व्यवहार, उनकी शिक्षण शैली, सहपाठियों के साथ संबंध और स्कूल का अनुशासन, यह सभी कारक मिलकर छात्र के मानसिक स्वास्थ्य को आकार देते हैं।

## विचार सहिता

# मीडिया समुद्र से : नवाचार से घबराएँ मत उसे अपनाएँ और समय के साथ चलें



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

आज सोशल मीडिया पर निम्नलिखित सुंदर पंक्तियाँ पढ़ने को मिलीं:-

''जिंदगी परिवर्तनों से ही बनी है। किसी भी परिवर्तन से घबराएँ नहीं, बल्कि उसे स्वीकार करें। कुछ परिवर्तन आपको सफलता दिलाएंगे तो कुछ सफल होने के गुण सिखाएंगे।''

परिवर्तन एक शाश्वत नियम है। परिवर्तन को हमारा मन जल्दी स्वीकार नहीं करता है। वास्तव में हम अपनी सुविधा क्षेत्र में रहने के आदी होते हैं। हम इसके इतने अभ्यस्त हो जाते हैं कि इससे अलग कोई नई चीज सीखने का अवसर मिलने पर उसे अस्वीकार कर देना चाहते हैं।

हमारा तर्क होता है.-

''इसकी क्या आवश्यकता है?''

''हमारा काम चल तो रहा है।''

''इससे क्या अतिरिक्त लाभ हो जाएगा?''

''नये सिरे से उठापटक करने की क्या आवश्यकता है?''

जब हम नयी चीज या पद्धति के फायदे देखते हैं तो उसे सीखने का प्रयास प्रारंभ करते हैं। धीरे-धीरे हमें पता लगता है कि यह नयी चीज हमारे काम में बाधक नहीं है, बल्कि यह हमारे कार्य में सहायक है। इससे हमारी दक्षता और कार्यक्षमता में वृद्धि ही होगी।

इस तरह अपनाया गया परिवर्तन लक्ष्य प्राप्ति तथा सफलता में मददगार होता है। अगर यह नहीं हो पाया, तो भी हम इससे जुड़ी हुई और नयी-नयी चीजें सीख सकते हैं। कम से कम अनुकूल न होने पर भी इस नये मार्ग को जाँचना तो हो ही जाएगा।तो आपको कोई नई चीज़ सीखने का अवसर मिले तो बिना उसे जांचे-परखे, देखते ही खारिज न कर दें, बल्कि उसके गुण दोष को समझकर उचित निर्णय लें।

# विचारणीय - 01 : अंग्रेजी भाषा शिक्षण की दरकार



**युगल किशोर तिवारी**

छग राज्य में अंग्रेजी भाषा का शिक्षण कक्षा पहली से प्रारंभ हुए 25 वर्ष हो गए। किन्तु शालाओं में अंग्रेजी भाषा शिक्षण की स्थिति अभी भी एकदम कमजोर बनी हुई है। इसका प्रमुख कारण पूरे देश भर में अंग्रेजी भाषा का शिक्षण स्नातक /स्नतकोत्तर स्तर पर मात्र चुनिंदा जगहों को छोडकर कहीं नहीं होता। सब जगह स्नातक/ स्नातकोत्तर में ''अंग्रेजी साहित्य'' का शिक्षण होता है. हों कुछ जगह अंग्रेजी साहित्य में भारतीय लेखन भी पढ़ाई होती है। किन्तु वहाँ भी फोकस ''साहित्य'' ही होता है, अंग्रेजी ''भाषा'' नहीं। अंग्रेजी भाषा का शिक्षण क्यों नहीं होता? जबकि यह ज्यादा जरूरी/आवश्यक है। क्योंकि स्कूल स्तर पर अंग्रेजी भाषा ही सीखाई जाती है। इस देश में अब सभी लोगों को अंग्रेजी भाषा आनी चाहिए। शायद ही कोई होगा जो अंग्रेजी भाषा के बिना अपने जीवन में काम चला सके। यहाँ तक कि संस्कृत भाषा में उच्चतर अध्ययन के लिए भी अंग्रेजी सामग्री की जानकारी आवश्यक होता है।

कहते हैं कि देश ने काफी तरक्की की, किन्तु जो अपनी मौलिक आवश्यकता की पूर्ति न कर पाए क्या उसे प्रगतिशील देश कहा जायेगा? पहले सूरदास, रसखान, मीरा बाई जैसे बड़े रचनाकारों की रचनाए छोटी कक्षाओं में ही पाठ्य पुस्तक में हुआ करती थी। किन्तु, जब भाषा का महत्व समझ आने लगा तो यह सब हट गई। किन्तु स्नातकोत्तर स्तर पर ''भाषा'' और ''साहित्य'' का अन्तर कब समझ में आयेगा? और अंग्रेजी भाषा का शिक्षण भी प्रारंभ हो पायेगा? क्योंकि स्कूलों में अंग्रेजी पढ़ाने वाले अधिकांश शिक्षक की अंग्रेजी भाषा दक्षता कमजोर होती है। जिसका प्रतिफल कमजोर अंग्रेजी भाषा शिक्षण होता है। शिक्षकों की अंग्रेजी भाषा दक्षता उन्नयन के लिए कोई विशेष प्रयास भी नही होता? जिसका खामियाजा पूरा समाज भुगतता है।

लोक सेवा आयोग इन्दौर में पालिटेक्निक कालेज में अंग्रेजी भाषा पढ़ाने वालों की नियुक्ति के लिए होने वाले साक्षात्कार लेने वाले महानुभाव ''साहित्य'' से संबंधित प्रश्न पूछ रहा था, क्योंकि उसे भाषा की जानकारी नहीं थी। अग्रेजी भाषा में और साहित्य का अन्तर कब समझा में आयेगा इस देश में ?

मैंने तो अग्रेजी भाषा का अच्छा शिक्षक बनने के लिए एम ए में प्रवेश लिया था। क्योंकि, हमारे हाई स्कूल के अंग्रेजी शिक्षक दक्ष थे। तब कहीं इतनी समझ थी, वहीं ''भाषा'' नहीं ''साहित्य'' पढाई जाती है जो मेरे लिए कम ही काम आई। भाषा और साहित्य का अन्तर कब समझ आयेगा अंग्रेजी भाषा शिक्षक तैयार करने कोई पाठ्यक्रम भी नही है इस देश में और विद्यालयों में अंग्रेजी शिक्षण पर ध्यान ''ज्ञान'' देने पर होता है, भाषाई कौशल विकास नहीं। डी एल एड और बी एड सामान्य शिक्षक ही बनाता है, अग्रेजी शिक्षक नहीं। फलतः बच्चे अंग्रेजी भाषा लिखना बोलना नही सीख पाते।

अब जब प्राथमिक कक्षा से अंग्रेजी भाषा का शिक्षण प्रारंभ हो गया है, देश भर की शालाओं के लिए दक्ष अंग्रेजी भाषा शिक्षको के माग की आपूर्ति कैसे होगी ?

राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने केन्द्रीय भारतीय/क्षेत्रीय भाषा संस्थान मैसूर में है जहाँ भिन्न क्षेत्रीय भाषाएं पढ़ाई जाती है। देश में अग्रेजी भाषा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ाई केवल हैदराबाद के अग्रेजी और विदेशी भाषा वि वि में होती है। वहां भी तब मात्र 25 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता था।

अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई इस देश में कब प्रारम हो पाएगी स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर? कब तक विद्यार्थी मिल्टन और चासर जैसे बड़े अग्रेजी साहित्यकारों को पढ़ते रहेंगे और अंग्रेजी भाषा? और बेहतर अंग्रेजी शिक्षक कैसे तैयार होंगे?

मप्र राज्य में शिक्षकों के लिए विभागीय एक वर्षीय अंग्रेजी शिक्षण में डिप्लोमा पाठ्यकम चलता था जो बरकततुल्ला वि वि से संबद्ध था। और उच्च वर्ग शिक्षकों के लिए तीन माह का सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम भी चलता था । किन्तु, छ ग राज्य गठन के बाद यह पाठ्यक्रम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। और संबंधित आई एउ एस सचालक इससे अनिभिज्ञ है। खुशकिस्मती है कि अब तक भोपाल से ही प्रशिक्षित व्यक्ति ही अब तक वहाँ कार्यरत हैं। उनकी सेवानिवृति के बाद कोई अन्जान व्यक्ति वहाँ प्रभारी हो जायेगा और छ ग राज्य में अग्रेजी भाषा के शिक्षकों का प्रशिक्षण भगवान भरोसे ही रहेगा? तब उस पाठ्यकम के बाद प्रशिक्षित शिक्षकों को तीन माह के स्रोत व्यक्ति प्रशिक्षण के लिए अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा वि वि हैदराबाद भेजा जाता था, जो राज्य के शिक्षको को प्रशिक्षित करते थे।

राजनांदगांव
मोबाईल-8827292489

## कविता

### खेल से मेल

हम खेल खेलें, खेल से होता है मेल
हॉकी के जादूगर ने चमत्कारित खेल दिखाया,
नहीं है इसमें जाति एवं धर्म का संकट
बालक-बालिका दोनों को खेलने का पूरा अधिकार
खेल से आत्म बल का होता है विकास।
बालक बनता है धैर्यवान
बालिका बनती है साहसी,
देश के राज्यों को कई संस्कृति मिलती है।
उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम
कश्मीर से कन्या कुमारी और
गुजरात से अरूणाचल को खेल जोड़ती है,
चाहे हो हॉकी, क्रिकेट, वालीवाल, चाहे हो टेनिस,
चाहे हो बैडमिंटन, चाहे हो शतरंज, तीरंदाजी,
भाला फेंक, चाहे हो दौड़, या हो तैराकी आदि,
महिला एवं पुरूष समान रूप से प्रतिभागी होते हैं।
भारत ने 1928 में एमस्टर्डम में जीता
पहला हॉकी ओलंपिक, फिर 1964 में जीता टोकियो ओलंपिक,
भारत में पहली बार क्रिकेट में जीता विश्व कप
शतरंज में दिव्या देशमुख ने विश्वविजेता का पुरस्कार जीती,
विनेश फोगाट ने महिला पहलवान में विजेता बनीं
सुनील गापस्कर ने क्रिकेट में अनमोल रन बनाये
इग्लैंड में, आस्ट्रेलिया में गावस्कर के नाम से-
ट्रॉफी है संचिन तेंदूलकर होनहार खिलाड़ी रहे
स्मृति मंधाना ने महिला क्रिकेट को सुशोभित किया
उड़न परी रही पी.टी. उषा, अनुष्का फुटबाल की श्रेष्ठ खिलाड़ी हैं,
पी.वी. सिंधु बैडमिंटन में भारत का नाम रौशन कर रही हैं।
भारोत्तोलन में मीरा बाई चानू टोक्यो
ओलंपिक की रजत पदक विजेता हैं,
राष्ट्रमंडल और घरेलू प्रतियोगिताओं में मीरा पुनः खेल रही हैं,
चानू, बनी हुई हैं मुख्य आकर्षण
स्नेहा सोरेन, विद्यारानी देवी, निरूपना देवी
हरजिंदर कौर, हरमन प्रीत कौर,
वंशिता शर्मा आदि।
ये खेल सितारे भारत का
नाम सर्वोच्च कर रही हैं।
खेल खेलें, किंतु अच्छा खेलें



देवेन्द्र महोबे
खैरागढ़, 9424129646

## सामयिक कहानी

### स्वयं विवेकवान बनो!

मनराखन सबेरे से बड़े व्यस्त थे। आज उन्हें अपने घर में गणेश बैठाना है। जल्दी-जल्दी नहा-धोकर बैठक में जब वे आए तो देखा, बेटों ने स्थापना की तैयारी कर रखी है। पर वे यह देख कर खुश नहीं, चिढ़ उठे-''अरे! ये दक्षिण दिशा में किसने टेबल सजाकर रख दी! अरे भैया! हमे तो गणेश जी को ऐसे बिठाना है कि उनका मुख पूर्व दिशा की ओर रहे। उन्होने खुद अपने हाथों टेबल को हटा दिया। बोले- ''रामू! टेबल पर पुराना कपड़ा तुमने बिछाया है। हमारे गणेशजी के लिए ये पुराना नहीं, एकदम नया भगवे रंग का कपड़ा बिछा कर उस पर वो सत्यनारायण कथा वाला पाटा रख कर और फिर उस पर डेढ़ बाई डेढ़ के मखमली आसन पर हमारे विघ्नहर्त्ता गणेश जी बिराजेंगे। देखो मोहन! ये रूपये रखो और टेबल के लिए भगवा तथा पाटे के लिए मखमली कपड़ा ले आओ! और हाँ! याद आया, मोती स्वीट्स से मोदक प्रिय मंगलदाता के लिए एक किलो मोदक लड्डू भी लेते आना। मैं तुम्हारी अम्मा के साथ गणेश जी की मूर्ति लेने जा रहा हूँ। चलो! रामू की अम्मा! जल्दी तैयार हो, देर हो रही है।''

मोहन समझदार है, सब सामन के साथ वह गणेश जी के लिए परमानेन्ट आकर्षक माला भी ले आया। मनराखन मूर्ति लेकर आए तो खुश हो गये माला देख कर। उसकी पीठ थपथपाकर बोले- बुद्धिविधाता से तेरी नौकरी योजना विभाग में लगाने के लिए प्रार्थना करूंगा। राम! तुमने नहा लिया, अच्छा किया। जल्दी से टेबल पर गणेशजी के लिए आसन तैयार कर लो। मोहन भी तब तक स्नान कर आ जाएगा फिर हम सब एक साथ मिलकर मंगलदाता को 'मंगलमूर्ति मोरया' कहते हुए उनके आकर्षक आसन पर बिठाएंगे!''

आम के पत्ते लाकर मनराखन थोड़े झुंझला से गये-''रामू! तुम्हारी अम्मा फिर रसोइ घर में चली गई क्या? अरे उन्हे बुलाओ भाई! मूर्ति की अब स्थापना करनी है।''

सब लोग मुदित मन एक साथ सिद्धि को आकर्षक आसन में बिठाकर, मोहन ध्यानाकर्षक माला पहनाकर, रामू अगरबत्ती जला कर, अम्मा मोदक का भोग लगाकर और फिर एक साथ आरती कर सब अपने-अपने काम से लग गए। सिर्फ एक मनराखन बाबू व्यक्तिभाव से हाथ जोड़कर सामने शान्त चित्त बैठ गए। फिर बार-बार बड़ी श्रद्धा से प्रणाम कर प्रार्थना के स्वर में बोले-''हे प्रथम पूज्य गणेश भगवान! हे सिद्धिविनायक! हे गणपति! हे लम्बोदर! हम पर कृपा करें! हमें सुख-शान्ति प्रदान करें प्रभु!''

भगवान गजानज मन्द-मन्द मुस्कराए, गंभीर स्वर में बोले-''हे वत्स मनराखन! सुनो! खुब ध्यान से सुनो!! अपने जब-तब भटकाने वाले, लालची मन के अनुसार तुम सब लोग अपनी बुद्धि का सदा उपयोग करते होः पर सबसे महत्वपूर्ण सद् और असद् तात्पर्य भले-बुरे का ज्ञान कराने वाले अपने विवेक का ध्यान जरा भी नहीं रखते हो, यही कारण है कि तुम सब गलत-सलत कुछ भी काम करने लग जाते हो और फिर परिणाम स्वरूप कष्ट-तकलीफ पाते हो! तो हे वत्स मनराखन! तुम हमसे बार-बार सुख-शान्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना मत करो, अपितु स्वयं विवेकवान बनों!

विवेकवान बनो!!''




**गिरीश बख्शी**

## शब्द सामर्थ्य -154

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।


**ऊपर से नीचे**
1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |


## राशिफल



**मेष** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप सबसे पहले पेंडिंग कार्यों को पूरा करेंगे, जिससे आपको अन्य कार्यों के लिए भी समय मिल सके। आज आप नया वाहन लेने का विचार करेंगे और इसके बारें में आप बड़े भाई से बात कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आप लंबे समय के बाद खुद को तरो-ताजा महसूस करेंगे।



**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज व्यापारिक दृष्टि से आपका दिन सही रहेगा और आपके व्यावसयिक रिश्ते मजबूत बने रहेंगे। आज ऑफिस में आपको पहले की अपेक्षा ज्यादा काम मिल सकता है, लेकिन आप समय रहते सब कुछ अच्छे से निपटा लेंगे। इस राशि की महिलाएं आज किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकती है, जिसमें साथी से सपोर्ट मिलेगा।



**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने के चांसेस हैं, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें। आज बैंकों से जुड़े कामों का निपटारा करने के लिए दिन अच्छा है, आज आपके निवेश से सम्बंधित सभी मामलें सुलझ जायेंगे। आज आप दोस्तों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं।



**कर्क** — आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ उठाकर आप आगे बढ़ सकते हैं। आज आप जरूरी काम करने से पहले घर के बड़ों या किसी अनुभवी व्यक्ति से राय जरुर ले लें। आज आपके दिमाग में खुद-ब-खुद नये-नये आडियाज आते रहेंगे, जो आपको तरक्की के रास्ते पर ले जायेंगें।



**सिंह** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी और आपको अच्छा धन लाभ भी होगा। इस राशि के छात्र विदेश में हॉयर एजुकेशन के लिये जाना चाहते हैं, तो आप किसी समझदार व्यक्ति से सलाह ले सकते हैं। आज रुपये पैसों की लेन-देन में आपको थोड़ी सावधानी रखने की जरुरत है, किसी को पैसे उधार देने से पहले अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।




**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आपके बिगड़े काम बनेगें और आपको नए कार्यों में भी सफलता मिलेगी। आज कोर्ट-कचहरी के मामलों में भी आपको अच्छी खबर मिल सकती है। आज किसी काम में आपको जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे दाम्पत्य रिश्ते में मधुरता आयेगी। आज आप दोस्तों के साथ किसी ट्रिप पर जाने की प्लानिंग भी बना सकते हैं।




**तुला** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज कार्यस्थल पर आपकी मुलाकात नए व्यक्तियों से होगी , जिनसे मिलकर आपको खुशी मिलेगी। आज आप कुछ ऐसा करेंगें , जिससे घर के सभी सदस्य आपकी तारीफ करेंगे। आज आपके ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट को लेकर मीटिंग होगी, जिसमें आप अपने विचारों को शामिल करेंगे। आज लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर कर सकते हैं।




**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी काम में आपको मनमुताबिक परिणाम हासिल होंगे। यदि आप अपने बिजनेस को किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करना चाह रहे हैं, तो एक बार जगह अच्छे से देख लें। आज आपकी रूचि रचनात्मक कार्यों में रहेगी। इस राशि के स्पोर्ट्स खेलने वाले स्टूडेंट्स को आज कोच से कुछ नया सीखने को मिलेगा।




**धनु** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप दूसरों से हटकर कुछ अलग करने का प्रयास करेंगें , जिसमें आपको पिता का साथ मिलेगा। इस राशि के सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्ति को आज संस्था के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ बैठकर किसी विषय के ऊपर चर्चा करेंगे, जिससे आपको उसका समाधान मिल जायेगा।



**मकर** — आज का दिन आपके लिए मिली झ्जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप अपने व्यापार में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव करने से पहले मार्केट का एनालिसिस जरूर करें। इस राशि के थोक विक्रेताओं को आज किसी कम्पनी से बड़ा आर्डर मिलने की संभावना बन रही हैं। आज आप पैतृक सम्पत्ति को लेकर चल रहे मामलें में किसी वकील की राय ले सकतें हैं।



**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने पुराने कामों में आगे बढ़ते हुए, नए कार्यों का भी शेड्यूल बनायेंगे। आज ऑफिस में आपके काम करने के तरीके को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे और जूनियर भी आपसे सीखने का प्रयास करेंगे। इस राशि की महिलाएं आज घर से ही किसी काम की शुरुआत कर सकती हैं, जिसमें वो अपने साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी शामिल करेंगी।



**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप रियल स्टेट में निवेश करने का मन बनायेंगे और किसी बड़े ग्रुप के साथ जुड़कर काम करेंगे। आज आप बच्चों के भविष्य को लेकर कोई योजना बनायेंगे, जिसके माध्यम से उनके करियर में तरक्की होगी। आज नेटवर्क मार्केटिंग में आपसे नए क्लाइंट जुडेंगें और किसी प्रोडक्ट को लॉंच करने के लिए भी दिन अच्छा है।

# बदहाल सड़क शिक्षा और स्वास्थ्य की राह में कंटक

(ओमकार साहू)

कोकपुर/आसरा (दावा)। जीवन के लिए दो सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं में शिक्षा और स्वास्थ्य बेहद आवश्यक है। इन दोनों सुविधाओं से ग्राम बम्हनीभांठा के बच्चे व ग्रामीण कोसो दूर है। बम्हनीभांठा के बच्चों को शिक्षा के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं ग्रामीणों को स्वास्थ्य का लाभ लेने के लिए भी बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसका मुख्य कारण सड़क मार्ग का बदहाल होना है। वर्तमान समय में जहां आज विकास की बात की जा रही है। वहीं ग्राम आसरा से बम्हनीभांठा को जोड़ने वाली सड़क पूरी तरीके से बर्बाद हो चुकी है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है और नेता अपने वादों से मुकरते नजर आ रहे हैं।

बता दें कि ग्राम बम्हनीभांठा के ग्रामीण आसरा गांव में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल तथा स्वास्थ्य के लिए निर्भर हैं और दोनों ग्रामों की दूरी महज 2 किलोमीटर है, लेकिन पहुंच मार्ग बदहाल होने के कारण यहां के ग्रामीण परेशान है। इस अव्यवस्था के चलते सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली छात्र-छात्राओं को होती है और उन्हें रोजाना 7 किलोमीटर की दूरी तय करके आसरा स्कूल पहुंचना होता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस सड़क को बनाने के लिए कई बार धरना, आंदोलन, शिकायत आवेदन यहां तक की चक्काजाम जैसे कदम भी उठाए गए हैं। बावजूद इसके इस सड़क को नहीं बनाया जा सका है।



रोज 7 किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है स्कूल

### 7 किमी दूरी तय करते है विद्यार्थी

बम्हनीभांठा गांव के बच्चे शिक्षा पाने के लिए रोजाना सात किलोमीटर का लंबा सफर तय करने को मजबूर हैं। गांव से महज दो किलोमीटर दूर स्कूल तक जाने वाली सड़क जर्जर होने से यह दूरी उनकी सबसे बड़ी परेशानी बन चुकी है। बम्हनीभांठा से आसरा सीधे तौर पर जुड़ा है और इसकी दूरी महज 2 किमी है। वहीं गड्ढों, दलदल और कीचड़ भारी सड़क के कारण विद्यार्थियों को बम्हनीभांठा से अरसीटोला यहां से कोकपुर और वहाँ से फिर आसरा आना पड़ता है, जिसकी दूरी 7 किमी है। वही आना जाना कुल मिलाकर 14 किलोमीटर की मशक्कत होती है। इस दूरी को तय करने में धन और समय दोनों अधिक लग रहा है। जिससे ग्रामीण बच्चे परेशान हैं।

### सड़क की दुर्दशा ने बिगाड़ी विद्यार्थियों दशा और दिशा

सूखानाला से सटे ग्राम बम्हनीभांठा आज भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है। यहां के बच्चों के लिए आसरा गांव का हायर सेकेंडरी स्कूल ही शिक्षा का नजदीकी केंद्र है। जो मात्र दो किलोमीटर दूर है, लेकिन इस दो किलोमीटर सड़क की स्थिति इतनी खस्ताहाल है कि बच्चे वहां से होकर जा ही नहीं पाते। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और बरसात में यह कीचड़ और दलदल में बदल जाती है। नतीजतन बच्चों को मजबूरन सात किलोमीटर लंबा रास्ता तय कर स्कूल जाना पड़ता है। छात्रों का कहना है कि सड़क ठीक होती तो हम दो किलोमीटर में ही स्कूल पहुंच जाते, लेकिन खराब सड़क के कारण मजबूरी में रोज हमें लंबा सफर तय करना पड़ता है। वहीं अन्य छात्रों के कहां की रास्ता बहुत सीधा है, लेकिन कच्चा है। इस रास्ते को कोई ध्यान नहीं दिया है, इसलिए हम लोग यहां से अरसीटोला, कोकपुर होते हुए आसरा स्कूल जाते है।

> ग्रामीणों और बच्चों की समस्या को कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सामने रखा गया है। साथ ही पिछले वर्ष इस विषय को लेकर चक्काजाम भी कर चुके है, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई
> **– सालिक राम, सरपंच ग्राम पंचायत बम्हनीभांठा**

# पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा ने डिजिटल ट्रांजेक्शन, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया, एपीके फाईल फॉड, गेमिंग एप्स, शेयर टेड्रिंग फ्रॉड से जुड़े खतरों एवं उनसे बचाव की दी जानकारी



### इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय में स्कूल/कॉलेज के छात्रों को सायबर अपराधों से सतर्क रहने किया गया जागरूक

खैरागढ़ (दावा)। जिला पुलिस केसीजी टीम द्वारा साइबर जागरूकता को लेकर जिले में लगातार व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 29.08.2025 को पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा द्वारा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय आडोटोरियम 02 खैरागढ़ में साइबर जागरूकता का कार्यक्रम आयोजन में साइबर से संबंधित पूर्ण जानकारी स्कुल/कॉलेज के छात्र छात्राओं को इंटरनेट की सुरक्षित उपयोगिता और साइबर अपराधों से बचाव के गुर सिखाए। कार्यक्रम में लगभग 500 की संख्या में स्कूली/इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे, जिसमें बताया गया कि सोशल मीडिया जितना उपयोगी है, उतना ही सतर्कता भी जरूरी है। अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, निजी फोटो वीडियो साझा न करने और व्यक्तिगत जानकारी किसी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर साझा करने से बचने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया प्रोफाइल की क्लोनिंग कर ठगी करने वाले साइबर अपराधियों की सक्रियता के उदाहरण भी विद्यार्थियों को समझाए गए। व्हाट्सएप व अन्य शोसल साईट पर टू स्टेप वेरिफिकेशन को अनिवार्य रूप से एक्टिव रखने की सलाह देते हुए बताया कि यह सुरक्षा की पहली दीवार है, जिससे किसी अन्य को आपके अकाउंट का गलत उपयोग करने से रोका जा सकता है, साइबर ठग अनजान लिंक, फर्जी ईमेल और पेमेंट ऐप्स के माध्यम से धोखाधड़ी करते हैं। इसलिए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अज्ञात स्त्रोत से आए बार कोड या लिंक को स्कैन या टच न करें। ऑनलाइन पेमेंट करते समय कभी भी अपनी क्यू आर कोड, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। गेमिंग ऐप्स के ज़रिए हो रहे मानसिक शोषण, आर्थिक ठगी और बच्चों को हिंसक प्रवृत्तियों में ढकेलने वाले ऑनलाइन गेम्स के खतरे के बारे में बताया गया साथ ही फ्री रिवॉर्ड, लेवल पास करने के नाम पर डेबिट, क्रेडिट कार्ड की जानकारी मांगने वाले गेम्स से दूर रहने की सलाह दी और ये जानकारियां अपने आसपास, परिचितों तक भी पहुंचाएं। आज के समय में जब हर व्यक्ति इंटरनेट और मोबाइल से जुड़ा है, ऐसे मे सतर्कता व जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, किसी भी तरह का साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करे।

## पहला कॉलम...

### एमडीआरटी ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में खैरागढ़ का नाम रोशन, अविनाश निलेंद्र शर्मा की ऐतिहासिक उपलब्धि

खैरागढ़ (दावा)। अविनाश निलेंद्र शर्मा ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुरुवार 21 अगस्त से गुरुवार 28 अगस्त तक मकाऊ (चीन) में आयोजित एमडीआरटभ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस में उन्होंने भाग लिया। जहाँ 16 देशों के वित्तीय सलाहकारों के साथ उन्होंने शिरकत की। अविनाश शर्मा लगातार 11 वर्षों से एमडीआरटी यूएसए के लिए क्वालिफाई कर रहे हैं और लगातार 4 वर्षों से करोड़पति अभिकर्ता बने हुए हैं। यह उपलब्धि खैरागढ़ के लिए गर्व की बात है। उनकी इस सफलता पर वरिष्ठ अधिकारियों और ग्राहकों ने उन्हें दिल से बधाइयाँ और भरपूर प्रोत्साहन दिया है।




### कल सिन्हा समाज का तीज मिलन समारोह एवं कार्यकारिणी बैठक

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ कलार समाज महिला मंच जिला राजनांदगाव तीज मिलन समारोह एवं कार्यकारिणी का बैठक आयोजन लाल बहादुर नगर मंडल बहुउद्देशीय भवन में रखा गया है, कार्यक्रम कल 31 अगस्त दिन रविवार को सुबह 10 से प्रथम सत्र में देव पूजन पश्चात खेलकूद का प्रारम्भ किया जायेगा खुर्सी दौड़, मटका फोड़, मोमबत्ती जलाना, गीत, संगीत पारम्परिक तौर पर किया जायेगा, तीज क्वीन चुनना एवं समस्त जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जायेगा द्वितीय सत्र जिला कार्यकारिणी बैठक 2:00 बजे दीप प्रज्वलित, अतिथि स्वागत, अध्यक्ष उद्धबोधन, अतिथि उद्बोधन, माता बहादुर कलारिन सामाजिक सहायता कोष की जानकारी, संयोजक सचिव को कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय की जानकारी दी जायेगी। संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला राजनांदगांव द्वारा प्रतिवेदन नागपुर मंडल द्वारा आय-व्यय की जानकारी जिला कोषाध्यक्ष के द्वारा, जिले के ऑडिट संबंधित जानकारी, तीज मिलन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण एवं जिले के प्राप्त आवेदनों की सुनवाई जिला अध्यक्ष के अनुमति तथा अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक सिन्हा, प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा, कोषाध्यक्ष रिखिराम सिन्हा, महामंत्री बिसम्बर सिन्हा प्रदेश महिला मंच के अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा के साथ उसकी टीम, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू एवं सिन्हा समाज जिला संगठन के संरक्षक ठाकुर राम सिन्हा, अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना, महामंत्री गंगाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष पुनम सिन्हा, उपाध्यक्ष मोती लाल सिन्हा, बालकृष्ण सिन्हा, सोनकुमार सिन्हा श्रीमति निर्मला सिन्हा जिला अध्यक्ष, महामंत्री श्रीमति चंद्रा सिन्हा, कोषाध्यक्ष श्रीमति हंसा सिन्हा एवं समस्त जिला के सभी विशेष आमंत्रित सदस्य जिला कार्यकारिणी सदस्य सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण सम्मिलित होंगे। यह जानकारी जिला प्रचार मंत्री पवन कुमार सिन्हा, जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा छ.ग कलार समाज जिला राजनांदगांव ने दिया है।

### विधायक भोलाराम के प्रयासों से दैहान में गौरवपथ निर्माण के लिए 40 लाख की स्वीकृति

जोंधरा (दावा)। खुज्जी विधानसभा के आश्रित ग्राम दैहान में 500 मीटर गौरव पथ निर्माण के लिए विधायक भोलाराम साहू की अनुशंसा पर उप मुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा 40 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्रामीणों ने विधायक भोलाराम साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रतिनिधि को बतायाकि प्रतिवर्ष आवागमन के लिए ग्रामीणो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गौरव पथ निर्माण ग्रामीणो को आवागमन में सुविधा मिलेगी। वही ग्राम दैहान में विकास के कार्या में भी गति आएगी। इस दौरान ग्रामीण विजय भारद्वाज, शैलेन्द्री सिन्हा, कलाराम सिन्हा, शोभाराम साहू, नरेश कुमार, गजेन्द्र, अनुजराम, दुर्जन देहारी आदि ने विधायक भोलाराम साहू की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता को लेकर आभार व्यक्त किया। साथ ही उप मुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि लंबे समय से मांग की जा रही थी। उन्होने इस समस्या को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के समक्ष रखा और उन्होंने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों के लिए 40 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।



# राष्ट्रीय खेल दिवस का भव्य आयोजन, जिलेभर के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में लिया हिस्सा

### मेजर ध्यानचंद जयंती पर खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

खैरागढ़ (दावा)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर पीएम स्वामी आत्मानंद सेजेस स्कूल छुईखदान के केकती बाड़ी परिसर में शुक्रवार 29 अगस्त को जिला स्तरीय राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला खेल एवं युवा कल्याण संघ के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं अध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी और मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। कलेक्टर चंद्रवाल ने खेल मैदान में पहुँचकर गोला फेंक प्रतियोगिता से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों से खेल से जुड़े प्रश्न पूछे और जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही फिट इंडिया मूवमेंट की शपथ दिलाते हुए सभी को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर गत वर्ष राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से नेमा निषाद (खो-खो), तन्नू जंघेल (रेसलिंग), छत्रपति जंघेल (रेसलिंग), एकलव्य श्रीवास, सम्यक सिरसाद (रोलर स्केटिंग), दिवाकर विश्वकर्मा (रेसलिंग) एवं आकिल कुरैशी (फेंसिंग) कुमेश्वरी पटेल (साईक्लिंग) चंद्रेस्वरी पटेल (साईक्लिंग) सहित अन्य खिलाड़ियों को जर्सी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी सुमन राज, एसडीएम छुईखदान अविनाश ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल सहित जिलेभर के व्यायाम शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।



# जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने सीसी रोड का भूमिपूजन किया



अंबागढ़ चौकी (दावा)। ब्लॉक के ग्राम बांधाबाजार में बाजार मुख्य मार्ग 3 लाख रुपए का सीसी रोड का जनपद सदस्य संदीप मेश्राम ने अपने जनपद निधि से राशि स्वीकृत कर सीसी रोड का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच युवराज नेताम, उपसरपंच उमेंद्र धुर्वे, पंच जितेंद्र मेश्राम, हरीश शर्मा, आशीष ठक्कर, राजेन्द्र शर्मा, शेषनारायण वैष्णव, वैभव गुप्ता, विनोद यादव सहित ग्रामीणजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# न नाली बची, न रास्ता सड़क पर दुकान, दुकान में गोदाम, खैरागढ़ की बाजारें अतिक्रमण से जकड़ी, आज से चलेगा प्रशासनिक बुलडोजर

खैरागढ़ (दावा)। अतिक्रमण की मकड़जाल में संगीत नगरी, जिसमें 'न तो नाली बची है, न तो सड़क' शहर की सबसे व्यस्त गलियों और बाजारों में अतिक्रमण ने ऐसा रूप ले लिया है।। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को गोदाम बना दिया है और पूरा कारोबार सड़क पर फैला दिया है।



### फुटपाथ तो कब के गायब हो चुके हैं

अब तो सरकारी नालियों पर भी कब्जा कर पक्के निर्माण खड़े कर दिए गए हैं। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि त्योहारों से पहले बड़ा हादसा होने की आशंका बढ़ गई है।

### तख्त पर चल रहा धंधा, दुकानें बनी गोदाम

गोलबाजार, बख्शी मार्ग, गुजराती होटल के सामने और प्रिया होटल के पास, दिवानबाडा राजीव चौक, जयस्तंभ चौक, टेम्पो चौक यहां पर अतिक्रमण की स्थिति सबसे भयावह है। यहां अधिकांश दुकानदारों ने दुकानों के भीतर केवल स्टॉक रखा है। असली व्यापार सड़क पर तख्त में, स्टैंड और काउंटर लगाकर किया जा रहा है। जगह-जगह तिरपाल और छज्जे डालकर सड़क को ही दुकान में तब्दील कर दिया गया है।

### नालियां पाटकर बना दिए चबूतरे, ग्राहक की गाड़ियां भी सड़क पर

दुकानदारों की मनमानी यहीं नहीं रुकती। उन्होंने सरकारी नालियों को पाटकर पक्के चबूतरे और संरचनाएं बना ली हैं। इसके अलावा जो ग्राहक आते हैं, वे अपनी बाइक और चारपहिया वाहन वहीं सड़क पर खड़ी कर देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। दोनों ओर से सड़क घिर जाने के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार लोग साइकिल तक निकालना मुश्किल हो जाता हैं।

### नगर पालिका अब सख्त, नोटिस के बाद कार्रवाई

नगर पालिका ने गुरुवार को मुनादी कर पूरे बाजार क्षेत्र को चेतावनी दी है। शुक्रवार को अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किए जाएंगे। शनिवार 30 अगस्त को एसडीएम, नगरपालिका अधिकारी, राजस्व अमला और यातायात विभाग की टीम संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने के लिए सड़कों पर उतरेगी। इस दौरान अवैध निर्माणों को हटाया जाएगा और जरूरत पड़ी तो जुर्माना भी लगाया जाएगा। स्थानीय रहवासी लगातार इस मुद्दे को लेकर आवाज उठा रहे हैं। उनका कहना है, कि दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों में जब बाजारों में भीड़ बढ़ती है, तब यह अतिक्रमण जानलेवा साबित हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है, कि सिर्फ अतिक्रमण हटाना काफी नहीं है, बल्कि यह भी तय किया जाए कि दोबारा कब्जा न हो और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय हो।

# विश्राम गृह में मनाया गया जिला कोषाध्यक्ष राजेश जैन का जन्मदिन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजेश जैन गुजराती का जन्मदिवस अंबागढ़ चौकी स्थित विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं और मित्रों की उपस्थिति में मनाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी ने उन्हें शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा, उपाध्यक्ष राजकिशोर खंडेलवाल, ढालसिंह कौशिक, सहकोषाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता राजेश सिंघी, वरिष्ठ कार्यकर्ता अवधेश त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा कमलेश सारस्वत, मोंटू त्रिपाठी, अरुण यादव, दिलीप गुप्ता, संजय मिश्रा, अंबर जोशी, नेहरू रजक, जिला, पवन गुप्ता, हितेश जैन, सफी मोहम्मद, किशोर अटभैया, देवनारायण कुंभकार, देवी शंकर बाजपेई, मंजीत भाटिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और मित्रगण शामिल हुए। इस अवसर पर राजेश जैन गुजराती ने सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि इसी तरह सभी की शुभकामनाएं और स्नेह सदैव बना रहे।

# रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया

### मेजर ध्यानचंद को खेल दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई

छुरिया (दावा)। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा का अलख जलाए रखने वाली एकमात्र अंग्रेजी माध्यम की शाला रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर संस्था में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को संस्था के प्राचार्य एच.एम. शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके समय के खेल के स्वर्णिम युग को याद किया गया। संस्था में आज प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात संस्था के प्राचार्य गोपाल साहू द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि आज 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद का जन्म हुआ था। वह प्रारंभ से ही प्रतिभावान थे, उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेल क्रियाकलापों में भी अपनी भागीदारी रखी तथा अपनी प्रतिभा के बल पर मेजर जैसे उच्च पद को प्राप्त किया तथा अपनी खेल प्रतिभा के कारण भारतीय हॉकी टीम के कप्तान बने एवं वह तीन बार ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे। जिनमें 1928 का एमस्टरडम ओलंपिक 1932 का लॉस एंजेल्स ओलंपिक एवं 1936 का बर्लिन ओलंपिक शामिल है। उनकी गिनती भारत एवं विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में होती है। संस्था के प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह के निर्देशन में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने भी मेजर ध्यानचंद को अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 'मेजर ध्यानचंद सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं बल्कि भारतीय हॉकी की पहचान थे उनकी प्रतिभा को दुनिया ने सलाम किया और यही वजह है कि उन्हें आज भी हॉकी का जादूगर कहा जाता है।' इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी ने भी मेजर ध्यानचंद को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 'खेल दिवस पर हम सबके लिए यही संदेश है कि खेल भावना और अनुशासन से ही जीवन में जीत हासिल की जा सकती है।



# परियोजना स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप में मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र शामिल हुई

छुरिया (दावा)। एकीकृत बाल विकास परियोजना छुरिया (2) के द्वारा रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत 'मेगा हेल्थ कैंप' का आयोजन ग्राम कुमरदा में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। साथ ही इसके अलावा मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य संबंधी जांच का भी आयोजन किया गया। साथ ही उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य, जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा, भाजपा मंडल कुमर्दा अध्यक्ष हिरदे देवांगन व महिला बाल विकास सभापति भेषबाई साहू भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर हम रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहे हैं। छग के निर्माण में यह 25 वर्ष बहुत महत्वपूर्ण रहे। जिनमें राज्य ने हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए। 15 वर्ष तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में नये किर्तिमान स्थापित किए हैं। आज पुनः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार हर वर्ग के विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। आज प्रदेश संवर रहा है। आज हर महीने महिला दीदीओ के खाते में 1000 रूपए प्रतिमाह महतारी वंदन योजना के तहत राशि प्रदान कि जाती है। जिससे महिला सशक्त व आत्मनिर्भर हो रही है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं छग में संचालित है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना छग में वरदान साबित हुई है। खर्चीली शादी से बचने के लिए इसकी शुरुआत की गई है। साथ ही कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य हरिला चंद्रवंशी, लक्ष्मी मंडावी जनपद सदस्य, जनपद सदस्य भारती देवांगन, नुनकरण भुआर्य संरपंच कुमर्दा, विजय कोसमा उप संरपच, कोमल सिन्हा महामंत्री, भुखन धनकर, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी किरण श्रीवास्तव समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।



# पहला कॉलम...

## तीन साल के बैन के बाद वापस लौटे ब्रेंडन टेलर

नई दिल्ली। कुछ दिन के ब्रेक के बाद एक बार फिर से क्रिकेट का रोमांच शुरू हो गयर है। जहां एक ओर पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई की टीमें आपस में सीरीज खेल रही हैं, वहीं श्रीलंका की टीम जिम्बाब्वे के साथ वनडे सीरीज खेलना शुरू कर चुकी है। श्रीलंका की टीम इस सीरीज से जहां एशिया कप की तैयारी करेगी, वहीं जिम्बाब्वे के लिए भी ये सीरीज अहम है। खास तौर पर ब्रेंडन टेलर के लिए, जो हाल ही में करीब साढ़े तीन साल का बैन झेलकर वापस ? इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए मैदान में उतरे हैं। हालांकि इससे पहले वे टेस्ट खेल चुके हैं और अब बारी वनडे क्रिकेट की है। ब्रेंडन टेलर क पास मौका है कि वे जिम्बाब्वे के लिए इतिहास रचने का काम करें, उनके पास एक सुनहरा मौका है।

ब्रेंडन टेलर पर करीब साढ़े तीन साल का बैन लगा था, जिसे समाप्त कर अब वे वापसी कर चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मैच खेलने से पहले ब्रेंडन टेलर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट खेल चुके हैं। हालांकि तब उनके बल्ले से पहली पारी में 44 और दूसरी में केवल सात रन निकले थे। अब टेलर उस फॉर्मेट में खेल रहे हैं, जो उनका पसंदीदा है। अगर मौका मिला तो ब्रेंडन टेलर अपने 10 हजार इंटरनेशनल रन भी पूरे कर लेंगे। जिम्बाब्वे के लिए अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में केवल दो ही बल्लेबाज दस हजार रन बना पाए हैं, टेलर के पास तीसरा खिलाड़ी बनने का अवसर है।

## नीरज चोपड़ा दूसरी बार खिताब जीतने से चूके, जूलियन वेबर बने विजेता

नई दिल्ली। डायमंड लीग 2025 का फाइनल मैच ज्यूरिख में हुआ जिसमें जैवलिन थ्रो के इवेंट में सभी भारतीय फैंस की नजरें नीरज चोपड़ा पर थी। छह राउंड में नीरज चोपड़ा का सबसे बेस्ट थ्रो 85.01 मीटर का रहा लेकिन वह दूसरी बार इस खिताब को जीतने से चूक गए। इस बार डायमंड लीग का खिताब जर्मनी के जूलियन वेबर ने जीता जिन्होंने दूसरे राउंड में 91.51 मीटर का थ्रो किया था। वहीं तीसरे नंबर पर त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट 84.95 मीटर थ्रो के साथ रहे। नीरज के फाइनल मैच में प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो उन्होंने पहले राउंड में 84.35 मीटर का थ्रो किया तो दूसरे राउंड में 82 मीटर का थ्रो करने में कामयाब हुए थे, वहीं तीसरे, चौथे और पांचवें राउंड में नीरज ने फाउल किया जबकि छठे राउंड में नीरज ने 85.01 मीटर का थ्रो करने के साथ दूसरे नंबर पर रहते हुए खत्म किया।

## एयर शो रिहर्सल के दौरान निकला अमेरिकी एफ-16 फाइटर जेट का जनाजा

नई दिल्ली। अमेरिका के फाइटर जेट्स कितने दमदार और एडवांस हैं हाल के दिनों में इसकी पोल खुल गई है। हाल ही में अलास्का में अमेरिका का बेहद एडवांस माना जाने वाला स्न-35 फाइटर प्लेन हादसे का शिकार हो गया था। अब कुछ ऐसा ही पोलैंड में भी देखने के मिला है। पोलैंड में एयर शो रिहर्सल के दौरान स्न-16 फाइटर जेट क्रैश हो गया है। इस हादसे में पायलट की भी मौत हो गई है।

हादसे के दौरान स्न-16 फाइटर प्लेन आग का गोला बन गया और काफी दूर तक जमीन पर घिसटता चला गया। पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव कोसिनियाक कामिज ने विमान हादसे की पुष्टि की है। प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने भी श्रद्धांजलि सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा स्न-16 विमान दुर्घटना में एक पोलिश पायलट की मौत हो गई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। पोलिश आर्मी के मुताबिक, सेंट्रल पोलैंड के राडोम में आगामी एयर शो के पूर्वाभ्यास के दौरान गुरुवार को पोलिश वायुसेना का यह स्न-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

## अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर लगाया हवाई हमले का आरोप, 3 लोगों की हुई है मौत

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पड़ोसी देश पाकिस्तान पर 2 पूर्वी प्रांतों में हवाई हमले करने का आरोप लगाया है। इस हमले में कम से कम 2 लोग मारे गए और 7 अन्य घायल हुए हैं। हमले की चपेट में आने से मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने इन हमलों में लोगों की मौत की जानकारी दी है है। काबुल में विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात नांगरहार और खोस्त प्रांतों में हुए हमलों की निंदा की और इसे पाकिस्तान की ओर से एक च्च्उकसाने वाली कार्रवाईज्ज् बताया। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को काबुल में पाकिस्तानी राजदूत को तलब भी किया। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने भी हमलों की निंदा की। उसने च्एक्सज्पर लिखा, च्च्इस तरह की बर्बर और क्रूर कार्रवाइयों से किसी भी पक्ष को फायदा नहीं होता, बल्कि ये दोनों मुस्लिम देशों के बीच दूरियां बढ़ाती हैं और नफरत को बढ़ावा देती हैं। इन गैर-जिम्मेदाराना गतिविधियों के गंभीर परिणाम होंगे।

# खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने किया मोंडो ट्रैक का उद्घाटन, नीरज चोपड़ा ने कहा- बहुत खुशी की बात



नई दिल्ली। भारत ने पिछले कुछ सालों में खेल के क्षेत्र में खूब प्रगाति की है। भारत ने ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भी दावेदारी पेश की है। भारतीय प्लेयर्स भी दुनिया के हर कोने में तिरंगा लहरा रहे हैं। भारत सरकार ने भी खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रम चलाकर प्रतिभाशाली युवाओं की खोज की है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए खेल मंत्री मनसुख मांडविया की पहल पर दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मोंडो ट्रैक बिछाने का कार्य पूरा हो गया है।

राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के दिन खेल मंत्री मनसुख मांडविया दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मोंडो ट्रैक का उद्घाटन किया है। खेल मंत्री ने कहा कि यह देश के लिए एक महान क्षण है और हम सभी को आज गर्व है कि भारत के पास अब अपना मोंडो ट्रैक है। आने वाले महीनों में यह अपने पहले टूर्नामेंट्स की मेजबानी करेगा और भारत अब राष्ट्रमंडल खेल 2030 और ओलंपिक 2036 के लिए औपचारिक रूप से बोली लगाएगा और उम्मीद है कि उसे मंजूरी मिल जाएगी। हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को खेलों का महाशक्ति बनाना है।

भारतीय एथलीट लंबे समय से मोंडो ट्रैक की मांग कर रहे थे। अब जाकर उनकी ये ख्वाहिश पूरी हुई है। पूरी दुनिया में सिर्फ 24 देशों के पास ही यह खास ट्रैक है और अब भारत 25वां देश बन गया है, जिसके पास मोंडो ट्रैक है। लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में भी यह ट्रैक इस्तेमाल होगा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया के निर्देश पर ही साई इंजीनियरिंग विंग का गठन किया गया, जिससे भारत में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया जा सके। इसका पहला प्रोजेक्ट यह मोंडो ट्रैक है। इसे सिर्फ चार महीने में ही पूरा कर लिया गया। यह भारत की तीव्र कार्य क्षमता का प्रमाण है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। 2025 में होने वाली वर्ल्ड पैरा एथलेक्टिस चैंपियनशिप से पहले प्लेयर्स के लिए एक अनमोल तोहफा है। अब भारतीय प्लेयर्स को अच्छी तैयारी के लिए विदेश नहीं जाना पड़ेगा।इ जैवलिन स्टार नीरज चोपड़ा कहा कि आप सबको बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ये ट्रैक बना है।

## राजीव शुक्ला बने BCCI के कार्यवाहक अध्यक्ष, रोजर बिन्नी की जगह ली

नई दिल्ली। एशिया कप 2025 से पहले बीसीसीआई में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। रोजर बिन्नी ने क्रष्टष्टढ्ढ अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। अगले चुनाव तक उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्ष का चुनाव सितंबर में हो सकता है। 2015 में शुक्ला को बीसीसीआई द्वारा सर्वसम्मति से आईपीएल का अध्यक्ष फिर से नियुक्त किया गया था। 18 दिसंबर 2020 को उन्हें बीसीसीआई का निर्विरोध उपाध्यक्ष चुना गया।



दैनिक जागरण ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि बुधवार को हुई बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की बैठक में शुक्ला ने कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि बैठक का मुख्य एजेंडा इस महीने की शुरुआत में ड्रीम11 के जाने के बाद टीम इंडिया के नए मुख्य प्रायोजक पर चर्चा करना था। हालांकि, 9 सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप के साथ आयोजन से पहले एक नया प्रायोजक ढूंढना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। बता दें कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड लोढ़ा समिति की सिफारिशों पर आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बने संविधान पर चलता है। जब तक नया कानून अधिसूचित नहीं होता, तब तक बीसीसीआई और राज्य संघों को पुराने संविधान से ही चलना होगा।

## ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के मिशन पर काम कर रही सरकार : नीति आयोग

नई दिल्ली । नीति आयोग के ऊर्जा, प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण सलाहकार राजनाथ राम के अनुसार, केंद्र सरकार ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर अंकुश लगाने और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) मिशन के रोडमैप और परिव्यय को अंतिम रूप दे रही है।



नीति आयोग के एक अधिकारी ने एक कार्यक्रम में कहा, हम मिशन रोडमैप को अंतिम रूप देने पर काम कर रहे हैं। कुल परिव्यय को अंतिम रूप देने के लिए भी चर्चा चल रही है।

उन्होंने 2030 तक गैस की खपत को 180-200 अरब घन मीटर तक बढ़ाने के लिए एलएनजी के लिए लॉन्ग-टर्म सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट्स का भी आह्वान किया, जिसका लक्ष्य ऊर्जा मिश्रण में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। इसके लिए एलएनजी की खपत में दो से तीन गुना वृद्धि की आवश्यकता है।

कार्बन कैप्चर, उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) एक ऐसी प्रक्रिया है, जो औद्योगिक स्रोतों और पावर प्लांट से कार्बन डाइऑक्साइड (सीओटू) को वायुमंडल में प्रवेश करने से पहले ही कैप्चर कर लेती है। कैप्चर की गई सीओटू का उपयोग रसायनों, निर्माण सामग्री या ईंधन जैसे उत्पादों में किया जाता है या इसे भूमिगत भूवैज्ञानिक संरचनाओं जैसे कि समाप्त हो चुके तेल और गैस भंडारों में स्थायी रूप से संग्रहीत किया जाता है। एलएनजी की खपत और लॉन्ग टर्म सप्लाई बढ़ाने के लिए, राम ने मौजूदा संसाधनों की मैपिंग करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए भौगोलिक बेसिनों का राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर, हमें सीबीजी (कंप्रेस्ड बायोगैस) के लिए बड़े पैमाने पर टाय-अप करना होगा। गेल के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बीसी त्रिपाठी ने कहा कि भारत का गैस पाइपलाइन नेटवर्क लगभग 50-55 प्रतिशत क्षमता पर संचालित होता है।

## 2.52 करोड़ रुपए में खरीदी गई डॉन ब्रैडमैन की कैप, 78 साल पहले था पहना

नई दिल्ली। डॉन ब्रैडमैन की गिनती दुनिया के महान प्लेयर्स में होती है। उन्होंने अपने दौर में क्रिकेट की दुनिया में राज किया था और उन्हें देखकर कई युवा प्लेयर्स ने क्रिकेटर्स बनने की ठानी थी। अब 1946-47 की एशेज सीरीज के दौरान डॉन ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई कैप को ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय संग्रहालय ने खरीदा था।



क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय संग्रहालय ने डॉन ब्रैडमैन की कैप को खरीदने के लिए मोटी कीमत चुकाई है और इसे ⸝438,500 में खरीदी है। भारतीय पैसों में ये रकम लगभग 2.52 करोड़ (25291955.79 रुपए) होती है। संघीय सरकार ने इसकी आधी लागत का योगदान दिया है। ब्रैडमैन ने यह कैप 1946-47 की एशेज सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करते हुए पहनी थी, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पहली टेस्ट सीरीज खेली गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया था और टेस्ट सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली थी।

कला मंत्री टोनी बर्क ने कहा कि आपको शायद ही कोई ऐसा ऑस्ट्रेलियाई मिले जिसने महान डोनाल्ड ब्रैडमैन के बारे में न सुना हो, जो यकीनन अब तक के सबसे महान क्रिकेटर हैं। ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय संग्रहालय में उनकी कैप रखने से, हमारे देश आने वाले लोगों को हमारे खेल और इतिहास को करीब से जानने, जुड़ने का मौका मिलेगा।

डॉन ब्रैडमैन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में साल 1928 में डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 52 टेस्ट मैचों में कुल 6996 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से 29 शतक निकले। इस दौरान उन्होंने 13 अर्धशतक भी जड़े। खास बात ये रही है कि 52 टेस्ट मैचों के दौरान उनका औसत 99.94 रहा था। वहीं फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 28067 रन बनाए और 117 शतक जड़े।

## टीम इंडिया के साथ दुबई नहीं जायेगी रिजर्व टीम

नई दिल्ली। अगले महीने से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू हो रहे एशिया कप के लिए सभी टीमों ने कमर कस ली है। टीम इंडिया का एलान काफी पहले हो चुका है और कुछ ही दिनों में टीम दुबई के लिए रवाना होगी। लेकिन टीम के साथ कुछ खिलाड़ी नहीं जाएंगे। बीसीसीआई ने ये फैसला किया है जो हैरानी भरा भी है।

चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए जरिए टीम का एलान किया था। इसी के साथ चार रिजर्व खिलाड़ियों के नाम का भी एलान किया था। रिजर्व खिलाड़ी इसलिए रखे जाते हैं ताकि मेन टीम में से किसी के चोटिल होने पर इन्हें चुना जाए। ये खिलाड़ी आमतौर पर टीम के साथ ही सफर करते हैं। एशिया कप में बीसीसीआई ने अपनी राह बदली है और रिजर्व खिलाड़ियों को टीम के साथ न भेजने का फैसला किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने इस बात की जानकारी दी। एक सीनियर बीसीसीआई अधिकारी से जब पूछा गया कि क्या रिजर्व खिलाड़ी भी एशिया कप के लिए टीम के साथ सफर करेंगे? तो उन्होंने कहा, ÷नहीं, स्टैंडबाय खिलाड़ी मेन टीम के साथ दुबई नहीं जाएंगे।÷

ये फैसला टीम मैनेजमेंट के कम लोगों के साथ सफर करने की प्राथमिकता को दर्शाता है। जब रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ेगी तो स्टैंडबाय खिलाड़ियों को दुबई भेज दिया जाएगा।

## बिहार में 2,400 मेगावाट के ग्रीनफील्ड थर्मल पावर प्लांट के लिए अदाणी पावर को मिला लेटर ऑफ अवार्ड

अहमदाबाद। अदाणी पावर लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि कंपनी को बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीजीसीएल) से 25 साल की लंबी अवधि की बिजली खरीद के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) मिला है। अदाणी समूह की यह कंपनी भागलपुर जिले के पीरपैंती में स्थापित होने वाले 2,400 मेगावाट (800 मेगावाट × 3) ग्रीनफील्ड अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल प्लांट से बिजली की सप्लाई करेगी।



अदाणी पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.बी. ख्यालिया ने कहा, भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की थर्मल पावर उत्पादक कंपनी के रूप में अदाणी पावर ने बड़े पैमाने पर विश्वसनीय क्षमता प्रदान करने की क्षमता का लगातार प्रदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा, बिहार में अपनी आगामी अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल, उच्च दक्षता वाली पीरपैंती परियोजना के साथ, हम परिचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबिलिटी के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। यह प्लांट बिहार के लोगों को सस्ती और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएगा, औद्योगीकरण को गति देगा, राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा और लोगों की समृद्धि में सहायक होगा। बीएसपीजीसीएल ने राज्य की दो बिजली कंपनियों, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) की ओर से अदाणी पावर को एलओए प्रदान किया। इसके बाद दोनों कंपनियों के बीच पावर सप्लाई एग्रीमेंट (पीएसए) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

ख्यालिया ने कहा, इस तरह की परियोजनाओं के माध्यम से, अदाणी पावर भारत के ऊर्जा भविष्य को सुरक्षित करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले, अदाणी पावर बीएसपीजीसीएल द्वारा आयोजित एक कड़ी प्रतिस्पर्धात्मक टैरिफ-आधारित बोली प्रक्रिया में विजेता बनकर उभरी थी, जिसमें कंपनी ने 6.075 रुपए प्रति किलोवाट-घंटा की सबसे कम सप्लाई कीमत की पेशकश की थी। कंपनी इस प्लांट और संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना में 3 अरब डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी के अनुसार, यह परियोजना निर्माण चरण के दौरान 10,000-12,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेगी।

## शेष प्रथम पेज

**जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा....**

जाक्सा के बीच हुए समझौते का स्वागत करते हैं। हमारा सक्रिय सहयोग पृथ्वी की सीमाओं को पार करेगा और अंतरिक्ष में मानवता की प्रगति का प्रतीक बनेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और जापान एक स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आतंकवाद और साइबर सुरक्षा को लेकर हमारी चिंताएं समान हैं। हमारे आपसी हित रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े हैं। हमने तय किया है कि रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मज़बूत किया जाएगा। मानव संसाधन आदान-प्रदान की कार्ययोजना के तहत अगले पांच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में पांच लाख लोगों का आदान-प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी आपसी विश्वास पर आधारित है। यह हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को दर्शाती है और हमारे साझा मूल्यों और विश्वासों से आकार लेती है। हम सब मिलकर अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का एक साझा सपना लेकर चलते हैं। अगले भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मैं आपको भारत आमंत्रित करता हूं।

**हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 मौतें....**

ब्लॉक के टेंडवाल गांव में एक आवासीय मकान जमींदोज होने से एक महिला सरिता देवी की मलबे में दबकर मौत हो गई। इधर चमोली के देवाल विकासखंड के मोपाटा गांव में भी भूस्खलन से एक दोमंजिला मकान ढह गया। जिसमें पति-पत्नी तारा सिंह और कमला देवी की मलबे में दबकर मौत हो गई। उनके पास ही रहने वाले एक अन्य दंपती घायल हो गए जिन्हें रेस्क्यू टीम ने अस्पताल पहुंचाया। मूसलाधार बारिश से ग्राम पंचायत तालजामण में व्यापक नुकसान हुआ है। यहां 12 से अधिक आवासीय मकान मलबे से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ग्रामीणों ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं गौशालों में बंधे 20 मवेशियों की मौत हो गई है। प्रशासन ने गांव के 65 से अधिक परिवारों को स्कूल और पंचायत भवन में शिफ्ट कर दिया है। गांव के चारों तरफ बह रहे बरसाती नाले उफान पर बह रहे हैं। बारिश से नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। श्रीनगर में अलकनंदा नदी उफान पर है जिसका जलस्तर खतरे के निशान (536 मीटर) से मात्र 20 सेंटीमीटर नीचे है। धारी देवी मंदिर के पास नदी का पानी मंदिर के पुल तक पहुंच गया है और आसपास की दुकानों में भी घुस गया है। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को नदी के किनारों से दूर रहने की चेतावनी दी है और पुलिस की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं।

**दिल्ली कहीं दरिया गंज....**

हैं. दिल्ली के पटपड़गंज, विनोद नगर, गाजीपुर, सरिता विहार, भैरव मंदिर के पास सड़कों पर काफी पानी जमा हो गया. दिल्ली में शुक्रवार की सुबह बारिश के बाद यात्रियों को कई प्रमुख मार्गों पर भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा. दिल्ली यातायात पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली-नोएडा-डायरेक्ट (ष्ठहृष्ठ) फ्लाईवे, मथुरा रोड, विकास मार्ग, ISBT, गीता कॉलोनी और राजाराम कोहली मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ. दिल्ली के पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण 50 साल पुराने एक मकान का आधा हिस्सा ढह गया. इसमें तीन बच्चे फंस गए, लेकिन उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है. बदरपुर से आश्रम तक वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे कार्यालय जाने वालों और स्कूल बसों को भारी असुविधा हुई. दिल्ली यातायात पुलिस ने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने और वाहनों के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए उसके दलों को कई स्थानों पर तैनात किया गया है. एक अधिकारी ने बताया, बारिश और कुछ इलाकों में जलभराव के कारण यातायात धीमा रहा. स्थिति को सामान्य बनाने और यात्रियों की सहायता के लिए हमारे कर्मियों को तैनात किया गया है. राष्ट्रीय राजधानी के मध्य, दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी हिस्सों में शुक्रवार को बारिश हुई, लेकिन और अधिक बारिश होने की संभावना है. हालांकि, मौसम विभाग ने इसके लिए अब तक कोई चेतावनी जारी नहीं की है. भारत मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे से 11.30 बजे के बीच सफदरजंग स्थित शहर के प्राथमिक मौसम केंद्र ने 56.2 मिमी बारिश दर्ज की जबकि लोधी रोड में 34.8 मिमी और आया नगर में 11.8 मिमी बारिश दर्ज की गई. इस बीच IMD ने कहा कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.3 डिग्री कम है जबकि अधिकतम तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है. मौसम विभाग ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 92 प्रतिशत दर्ज की गई है. सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 110 रहा, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है.

**मारो और तोड़ो, जितना....**

का सिर फट गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनके कार्यालय में तोड़फोड़ की है। गाड़ियों के शीशे तोड़े और लाठियां चलाई। वहीं, बीजेपी ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहले पथराव शुरू किया। दरभंगा मामले में बिहार पुलिस ने आरोपी मोहम्मद रिजवी को गिरफ्तार कर लिया है।

पटना के गांधी मैदान थाने में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। बीजेपी ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। बीजेपी ने इसे लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला और भारतीय संस्कृति का अपमान बताया है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह उनकी हताशा और स्तरहीनता को दर्शाता है।

**नवा रायपुर विधानसभा परिसर में....**

को सम्मान अर्पित करेगी, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए सामाजिक समता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणा का प्रतीक भी बनेगी। उल्लेखनीय है कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर 12 दिसंबर 1945 को रायपुर आए थे और वर्तमान माधवराव सप्रे शाला परिसर (तात्कालीन लॉरी स्कूल) में ऐतिहासिक जनसभा को संबोधित किया था। इस यात्रा ने छत्तीसगढ़ की धरती को उनके विचारों और व्यक्तित्व से सशक्त बनाया। यह पहल डॉ. अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी की ओर से की गई है। सोसाइटी के चेयरमैन दिलीप वासनीकर एवं प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने राज्य स्थापना के रजत महोत्सव वर्ष में प्रतिमा स्थापित करने का निवेदन करते हुए इसे सामाजिक समता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संवर्द्धन की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि प्रतिमा की स्थापना से छत्तीसगढ़ की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर एक समावेशी और संवेदनशील राज्य के रूप में और अधिक सशक्त होगी।

**जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद....**

6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही 6.3 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में भारत का राजकोषीय घाटा 4.68 लाख करोड़ रुपये रहा। यह वार्षिक अनुमान का 29.9 प्रतिशत है। देश का राजकोषीय घाटा पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 17.2त्न से बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल से जुलाई तक कुल प्राप्तियां 10.95 लाख करोड़ रुपये रहीं। वहीं, कुल व्यय 15.63 लाख करोड़ रुपये रहा। यह चालू वित्तीय वर्ष वर्ष के बजट लक्ष्य का क्रमशः 31.3 प्रतिशत और 30.9 प्रतिशत है। जीडीपी के आंकड़ों पर एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने अपनी प्रतक्रिया दी है।

उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी में 7.8 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई। यह एक साल पहले दर्ज की गई 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से काफी अधिक है। वित्तीय वर्ष की शुरुआत में ही अर्थव्यवस्था में मजबूत गति का संकेत है। सेवा क्षेत्र ने 7.6 प्रतिशत वास्तविक जीवीए वृद्धि के साथ और मजबूती प्रदान की है। नायर ने कहा कि जीडीपी के आंकड़े उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े सुनिश्चित करते हैं कि देश मौजूदा वैश्विक प्रतिकूलताओं का आत्मविश्वास से सामना करेगा।

**शराब घोटाला : डायरेक्टर अतुल....**

इस कंपनी के मुख्य लाभार्थी विजय भाटिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। साथ ही उसके खिलाफ 23 पन्नों का कमीशनखोरी और शराब घोटाले में भूमिका का उल्लेख करते हुए 6वां चालान 26 अगस्त 2025 को विशेष न्यायालय, रायपुर में पेश किया गया है।

## विधायक भोलाराम ने दिया आश्वासन, होगा समाधान



जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखण्ड के आश्रित ग्राम परेवाडीह के सरपंच गैंदलाल सिन्हा अपने समस्त वार्ड पंचों एवं ग्रामीणों के साथ विधायक भोलाराम साहू के निवास पहुंचकर ग्राम के व्याप्त समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए समस्याओं के समाधान की मांग रखी। ग्राम पंचायत परेवाडीह के सरपंच गैंदलाल सिन्हा ने बताया कि ग्राम में मुख्य रूप से पशुओं के लिए चारागाह की समस्या है। साथ ही ग्राम पंचायत पहुंच मार्ग तक सड़क की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। साथ ही अन्य समस्याओं के प्रति भी विधायक का ध्यान आकृष्ट करवाते हुए समाधान की मांग रखी है। वहीं विधायक ने शीघ्रता से उनकी समस्याओं को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# खेल दिवस पर मेंजर ध्यानचंद जयंती उत्साहपूर्वक मनाई, निकाली गई रैली

राजनांदगांव(दावा)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, एवं जिला हॉकी संघ राजनांदगांव तथा समस्त खेल संघ के संयुक्त तत्वाधान में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती खेल दिवस के रूप में नगर के खेल प्रमियों द्वारा उत्सहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से समस्त खेल से जुड़े खिलाड़ियों द्वारा रैली निकाली गई जो विभिन्न मार्गो से होती हुई गौरव पथ स्थित मेजर ध्यानचंद स्मारक पहुचीं वंहा पर मेजर ध्यानचंद, एरमन आर.बेस्टीयन (ओलंपियन) एवं आर.एन.पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर, श्रद्धासुमन अर्पित किया गया तत्पश्चात् रैली वापस अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पहुची वंहा पर संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। संगोष्ठी सभा श्री संतोष पाण्डेय सांसद,रलोकसभा के मुख्यअतिथ्य मधुसूदन यादव, महापौर न0पा0नि0 के अध्यक्षता, फिरोज असांरी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी संघ मनोज कुमार भागुन (आई0टी0बी0पी कमांडेंट), रेखा पदम अंतर्राष्ट्रीय व्हॉलीबॉल खिलाड़ी, परमजीत सिंह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, लुमेन्द्र साहू अंतर्राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल खिलाड़ी, के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुई। मुख्यअतिथि संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेजर ध्यानचंद, जिन्हें हॉकी का जादूगरश् कहा जाता है, का जन्म 29 अगस्त, 1905 को इलाहाबाद में हुआ था और उनका निधन 3 दिसंबर, 1979 को हुआ। उन्होंने भारतीय हॉकी को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई, 1928, 1932 और 1936 में ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीते, और उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनके जन्मदिन को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है, और भारत का सर्वोच्च खेल पुरस्कार, खेल रत्न पुरस्कार, उनके नाम पर है उन्होने बताया कि अपने असाधारण गेंद नियंत्रण और खेल के तरीके के कारण उन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है मेजर ध्यानचंद जी के नेतृत्व में भारतीय हॉकी टीम ने 1928, 1932 और 1936 में लगातार तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते है तथा उन्होने अपने करियर में उन्होंने 570 से अधिक गोल किए सन् 1936 के बर्लिन ओलंपिक में ध्यानचंद के खेल से प्रभावित होकर जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने उन्हें जर्मन सेना में वरिष्ठ पद की पेशकश की थी, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया था। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे श्री मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो बच्चे आज इस खेल से जुडे है वो अपने जीवन में एक लक्ष्य बना कर खेले जिससे कि वह अपने शहर का नाम पुरे देश में रौशन करेगें उन्होने कहा कि मेजर ध्यानचंद जी को आदर्श मानकर खेल भावना से खेले। साथ ही उन्होंने जिला हॉकी संघ की प्रशांसा करते हुए कहा कि खिलाडियों के खेल को निखारने के लिए लगातार खेल होते रहना चाहिए जो जिला हॉकी संघ अभी विगत माह से लगातार ऐसे आयोजन कराते आ रहे है जिससे हॉकी के खिलाडियों को खेल का प्रदर्शन दिखाने का मौका मिल रहा है। उन्ही के साथ उन्होंने मुख्यमंत्री का भी धन्यवाद किया कि वह खेल के प्रति अपनी रूची दिखा रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा की मेजर ध्यानचंद जी का आगमन सन् 1971 में राजनांदगांव की धरती पर हुआ था। हॉकी की नर्सरी की उपाधी राजनांदागांव को मेजर ध्यानचंद जी द्वारा दि गई थी तथा उनको नगर भ्रमण कराया गया जहां उन्हे राजनांदगांव के हर गली में हॉकी खेलते बच्चे को देखा था। साथ ही दादा ध्यानचंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि दादा की खेल कौशल की बदौलत भारत को ओलपिंक में 04 गोल्ड मेडल प्राप्त हुए थे। संगोष्ठी सभा पश्चात् शासन के निर्देशनुसार ''हर गली हर मैदान खेले सारा हिन्दुस्तान,'' ''मोर खेल मोर गौरव'' के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन का शुभारंभ किया गया जिसमें आज सिनियर हॉकी खिलाडी तथा जूनियर व सब जूनियर खिलाडियों के बीच मैच खेला गया पहला मैच सिनियर मार्निग ग्रुप विरूद्ध डीएचए (सिनियर वर्ग) के मध्य खेला गया जिसमें सिनियर मार्निग ग्रुप ने 3-2 गोल से जीत हॉसिल कि वहीं दूसरा मैच खेलो इंडिया सेंटर विरूद्ध डीएचए राजनांदगांव के मध्य खेला गया जिसमें 4-1 गोल से डीएचए राजनांदगांव ने जीत हासिल की वहीं आज का तीसरा मैच साांई सेंटर राजनांदगांव विरूद्ध खेलो इंडिया राजनादगांव के मध्य खेला गया जिसमें साांई सेंटर राजनांदगांव ने 3-1 गोल से जीत हासिल की।



**सांसद खेल महोत्सव का भी होगा आयोजन- संतोष पाण्डेय**

विजेता एवं उपविजेता टीम को सांसद द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया साथ ही एशिया कप प्रो लीग में प्रतिनिधित्व करने वाले लुमेन्द्र साहू को और खुशाल यादव राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी को सम्मान किया गया। इस अवसर पर ए.एक्का (सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग), विजय कुमार (आई0टी0बी0पी अस्सिटेन्ड कमांडेंट) शिवनारायाण धकेता (सचिव जिला हॉकी संघ) नीलम चंद जैन, हॉकी कोच भुषण सॉव, श्री आशा थॉमस कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, छोटेलाल रामटेके (पार्षद) बालमुकुंद पटेल, महेंद्र सिंह ठाकुर, गुणवंत पटेल, प्रिंस भाटिया, शिवा चैबे, सब्बीर हैदरी, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, अबिद बेक (सचिव जिला व्हॉलीबॉल संघ), संध्या पदम, गुणवंत पटेल, बॉस्केटबॉल कोच प्रियंका ई. दिव्या धरावत, सुखदेव राउत, प्रदीप शर्मा, आर्चना देवी, शकील अहमद (खेलो इंडिया सेंटर कोच) योगेश द्विवेदी, अशोक नागवंशी, भागवत यादव, किशोर धीवर, मेहबूब भाई, कमल चैरसिया, संदीप यादव, खेमराज सिन्हा, आशोक देवांगन, जिम्मी साहू, दुर्गेश नगपुरे,संदीप यादव, सचिन खोब्रगढे, अभिनव मिश्रा, खेमराज सिन्हा, सुखदेव निर्मलकर, तौफिक अहमद, आशीष सिन्हा, राजेश निर्मलकर, संदीप यादव, सचिन खोब्रागडे, अभिनव मिश्रा, हारून खान,कृष्णा यादव प्रेरणा राणे, प्रियंका चैरिया, उमेश साहू, रूपेन्द्र साहू, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## दिग्विजय कॉलेज में मना राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगाव (छ.ग.) के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ,भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पी बी टांक, सहायक प्राध्यापक डॉ. एस के पटेल, एल पी उर्वशा, अतिथि व्याख्याता डॉ. आर के देशमुख एवं नितेश बंजारे मंचस्थ रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में उद्‌बोधन करते हुए प्राचार्य ने बताया कि किस प्रकार चंद्रयान 3 की सफलता पर इस दिवस की शुरुआत हुई थी एवं इस उपलब्धि का असली श्रेय हमारे भारतीय वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष यात्रियों एवं शोधार्थियों को दिया जाना चाहिए। उन्होंने विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रमों का हमारे जनजीवन पर प्रभाव बतातें हुए ऑपरेशन सिंदूर का वर्णन किया।



अपने उद्‌बोधन के अंत में प्राचार्य महोदया ने सभी विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं कहा कि हमें प्रण लेना चाहिए कि हम अपनी क्षमताओं को बढ़ाएँ एवं भारत को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में और आगे बढ़ाए। इसी कड़ी में विभाग के छात्रों का चयन कर स्नातकोत्तर परिषद का गठन किया गया। चयनित छात्रों को अपनी दायित्वों को निर्वहन करने एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। इसके पश्चात विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री लेखा प्रसाद उर्वशा ने मार्गदर्शन करते हुए बताया कि जिस प्रकार अंतरिक्ष की सीमाएँ अनन्त हैं उसी प्रकार मनुष्य की क्षमताएं भी अनन्त है, उन्होंने बताया कि किस प्रकार इतने अभावों के बावजूद हमारे देश ने अंतरिक्ष कार्यक्रमों इतनी सफलता प्राप्त की है। कार्यक्रम की कड़ी में सहायक प्राध्यापक डॉ एस के पटेल सर ने हमारे भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों के इतिहास की जानकारी विभिन्न चरणों में विभाजित करते हुए दी और अपने संभाषण के अंत में उन्होने कहा कि हमारे देश के युवाओ को हमारे वैज्ञानिको से धैर्य बनाए रखने की सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को जोड़ते हुए आधुनिक तकनीकी के क्षेत्र में बढ़ना चाहिए। तत्पश्चात अतिथि व्याख्याता डॉ. आर के देशमुख ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित छात्रों को प्रेरित किया।

## एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्पोट्र्स रैली का आयोजन





राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी एवं नीरज पैरेंट्स प्राइड बल्देवबाग के संयुक्त तत्वावधान में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले पद्मविभूषण स्व. मेजर ध्यानचंद जी की जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में स्पोट्र्स रैली का आयोजन किया गया। रैली से पहले गौरव पथ स्थित मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा में शाला परिवार द्वारा माल्यार्पण किया गया।

इस रैली में राजनांदगांव जिला पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, साथ ही छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। विशेष अतिथि वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक श्री परेश वर्मा व प्रिंस भाटिया रहे। एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा सभी अतिथियों को बैच पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। रैली का आरंभ सर्वप्रथम स्व मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर, माल्यार्पण किया गया। अतिथियों द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रैली स्थानीय जय स्तंभ चौक से शुरू होकर, गुड़ाखू लाइन, कामठी लाइन, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक से होते हुए जयस्तंभ चौक में समाप्त हुई। रैली में शाला के खिलाड़ी छात्र विशेष रूप से उपस्थित हुए, जो विभिन्न खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय देते आए हैं और शाला परिवार का नाम गौरवान्वित किए हुए है। रैली के समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों को शाला परिवार द्वारा पौधा देकर आभार व्यक्त किया गया।

उद्बोधन में अतिथियों द्वारा खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, रैली के आयोजन के लिए शाला परिवार को शुभकामनाएं दी गई। ज्ञात हो कि एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स द्वारा खेल दिवस के अवसर पर विगत आठ वर्षों से स्पोट्र्स रैली का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का मानना है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। यदि हमारा शरीर स्वस्थ है, तभी हमारा मन दूसरे कामों में लग सकता है। रैली का उद्देश्य खेल के प्रति सम्मान, जागरूकता व खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करना है। इस रैली में डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, एनबीआईएस प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, एनपीपीएस बल्देवबाग प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्ले, हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंह, एडमिन श्री संतोष पिल्ले, जेसी ब्रांच हेड मिस्ट्रेस श्रीमती स्नेहलता तिवारी, एनएफएस हेड मिस्ट्रेस श्रीमती मधुजा शास्त्री, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## कान्फ्लूएंस महाविद्यालय में गणेश चतुर्थी का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कान्फ्लूऐंस महाविद्यालय के बेस्ट प्रैक्टिस एवं आई.क्यू.एसी.सेल. के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश मूर्ति स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छात्रों ने सर्वप्रथम विधिविधान पूर्वक श्री गणपति जी की स्थापना एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न किया तत्पश्चात सभी छात्रों ने मिलकर गणेश वंदना एवं भजन आदि का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि प्रतिवर्ष सभी छात्रों द्वारा मिलकर महाविद्यालय परिसर में श्री गणेश जी की स्थापना, पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है यह हमारे सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा का प्रतीक है हिंदू धर्म के अनुसार गणेश जी प्रथम पूजनीय है और उन्हें विघ्नहर्ता एवं ज्ञान का प्रतीक माना जाता है।

## ग्राम झुरानदी में 3.15 एमव्हीए का अतिरिक्त नया पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापित

*मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 73 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया*

छुईखदान। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्रामीण अंचलों में बिजली उपभोक्ता एवं किसानों को भरपूर वोल्टेज पर निर्बाध बिजली आपूर्ति करने के लिए जिलें में विद्यमान पॉवर सबस्टेशनों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। इस योजना के तहत 73 लाख रूपये की लागत से ग्राम झुरानदी स्थित 33/11 के0व्ही0 उपकेन्द्र में 3.15 एम0व्ही0ए0 का अतिरिक्त नया पॉवर ट्रांसफॉर्मर को स्थापित कर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीश सेलट के द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। छुईखदान उपसंभाग के ग्राम झुरानदी में विद्यमान उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता पहले 05 एम0व्ही0ए था, अतिरिक्त नये 3.15 एम0व्ही0ए0 पॉवर ट्रांसफार्मर के लगाये जाने से इस उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता बढ़कर 8.15 ए0व्ही0ए0 हो गया है।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि यह कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 73 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि सबस्टेशन में पहले से मौजूदा दो 3.15 एम0व्ही0ए0 के पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाता था। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड शेडिंग एवं लो वोल्टेज की समस्या होती थी, उक्त कार्य से लो वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। ईडी श्री सेलट ने उक्त कार्य को क्षेत्र में उपभोक्ताओं एवं किसानों के हित में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय बताते हुए कहा कि 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन झुरानदी में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से 17 ग्रामों के 7801 उपभोक्ता एवं किसानों को फायदा होगा। उन्होने अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त श्री शंकेश्वर कंवर, ईई परियोजना श्री मुकेश कुमार साहू, ईई खैरागढ़ संभाग श्री ए.के. द्विवेदी, ईई एसटीएम श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्री एस.पी. ठाकुर, सुश्री मदलसा विश्वकर्मा, सुश्री ममता कर्मकार अन्य अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि पॉवर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं एवं किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहें हैं। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से किसानों एवं उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

## साल भर क्रिकेट प्रशिक्षण कमला कॉलेज मैदान



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में 29 साल से शहर की प्रथम एकेडमी पूरा कर चुकी। शहर की कई प्रतिभाशाली क्रिकेट यहां से निकाले चुके है। जिसमें अजय मण्डल आईपी.एल. खिलाड़ी प्रमुख शामिल है।

जिसका में प्रमुख खिलाड़ी तथागत पाण्डे, गुरूभेज माखिजा, गौरव मिश्रा, अनेश अमोली, आदित्य पाख, समर सिंग भाटिया आदि संदीप शुक्ले अंतर्राष्ट्रीय खिलाडी, राजेश चौहान, अरशद अयूब, लालचंद राजपूत, पूर्व रणजी खिलाड़ी, राजा परिहार, जितेन्द्र बेगढ़, के भास्कर, आदि अपनाया जमाना में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है। बी.सी.सी.आई. लेबल वन कोर्स छत्तीसढ़ क्रिकेट संघ भिलाई में आयोजित 2008 में प्रथम कोर्स। युगांतर पब्लिक स्कूल में 8 वर्ष क्रिकेट कार्य कोचिंग प्रशिक्षण दिये। कवर्धा क्रिकेट एसोसिएशन में अंडर 16 में प्रमुख कोच रह चुके। मध्यप्रदेश राष्ट्रीय खिलाड़ी रक्षा चुके है। इसके अलावा कई राष्ट्रीय, स्टेट खिलाड़ी आर.सी.ए. एकेडमी निकाल चुके थे। प्रशिक्षण समय 8.15 से 10.30 बजे, शाम का समय 3.30, 6.30 बजे तक। भविष्य में टूॅर्नामेंट नवभारत द्वारा आल इंडिया आयोजित टी-ट्वंटी, टेस्ट सीरिज छत्तीसगढ़ टेस्ट सीरिज इंटर स्कूल टेस्ट सीरिज, रणजी टूर्नामेंट होने की संभावना है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव का 48 वॉ वार्षिक साधारण सभा संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की 48वीं वार्षिक साधारण आमसभा का आयोजन शुक्रवार दोपहर बैंक प्रांगण में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने की। आमसभा में बड़ी संख्या में अंशधारी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।



अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बैंक अध्यक्ष श्री बघेल ने कहा कि ग्राहकों की बदलती आवश्यकता परंपरागत बैंकिंग प्रणाली परिवर्तन का कारण बना है आपका यह बैंक भी अपने कार्यप्रणाली में नित नए परिवर्तन एवं सुधार कर रहा है। जिससे ग्राहको एवं कृषको को बेहतर सेवा प्रदान कर संतुष्ट किया जा सके। वर्तमान में बैंक की कुल 45 शाखाए बैंक के कार्यक्षेत्र के 4 जिलो कमशः राजनांदगांव, कबीरधाम, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई मोहला-मानपुर-चौकी में संचालित है जिन्में 41 शाखाओं में ए.टी.एम. स्थापित किया गया है एवं इसका विस्तार कर सभी शाखाओं में ए.टी.एम. लगाने की योजना है। इस संबंध में उल्लेखनीय तथ्य है। कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक द्वारा स्थापित ए.टी.एम. के माध्यम से 1739639 कृषको/अमानतदारो ने राशि रू. 943 करोड़ 35 लाख एवं अप्रेल 2025 से जुलाई 2025 तक 329303 कृषको / अमानतदारो ने राशि रू. 154 करोड 65 लाख राशि का आहरण किया। बैंक से सम्बद्ध सभी 222 समितियों में माइक्रो ए.टी.एम स्थापित किये जा चुके है जिससे कि हमारे बैंक के कार्यक्षेत्र में आने वाले समस्त गांव वित्तीय समावेशन की परिधि में आ सके ।वर्तमान में बैंक द्वारा 302554 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किया जा चुका है। बैंक से 9839 स्व सहायता समूह सम्बद्ध है, जिनमें से 7267 समूहों को सारख (ऋण) उपलब्ध कराते हुये उनका संवर्धन किया जा रहा है। हमारा ध्यान केवल व्यवसायिक नही है अपितु सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति भी गम्भीर है, इसी कम में बैंक के कार्यक्षेत्र के समस्त पैक्स / लैम्प्स में केन्द्र शासन की महत्वपूर्ण योजना ÷एक वृक्ष माँ के नाम÷ के अन्तर्गत वृक्षारोपण कर प्रकृति के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है।

बैंक की वित्तीय स्थिति 31.03.2025 पर उल्लेखनीय तथ्य इस प्रकार रही - हिस्सा पूंजी रूपये 205 करोड़ 57 लाख 82 हजार अमानतें रूपये 3052 करोड़ 35 लाख 18 हजार रहा है। वर्ष 2024-25 में दिनांक 31.3.2025 की स्थिति में बैंक को रूपये 21 करोड़ 23 लाख 56 हजार शुद्ध लाभअर्जित हुआ है। बैंक के द्वारा ऋणों के संबंध में विवेकपूर्ण मापदण्ड का गंभीरता से पालन किया जा रहा है, परिणामस्वरूप बैंक का एन.पी.ए. स्तर 6.24त्न हो गया है। इसे घटाकर मानक दर 5त्न तक किये जाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्र के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेद्र दामोदर दास मोदी जी के मंशा अनुरूप जुलाई 2021 में केन्द्र स्तर पर सहकारिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पृथक से सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया। मंत्रालय का कार्य श्री अमित शाह जी माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के कुशल हाथो में सौपा गया। मंत्रालय गठन के पश्चात पैक्स के लिए माडल उपनियम, कम्प्युटरीकरण, प्रत्येक पंचायत में बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, सी.एस.सी. की स्थापना, एफ.पी.ओ. का गठन, एल. पी.जी. वितरण, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र आदि कार्य वर्तमान कार्य के अतिरिक्त किया जा रहा है, जिससे माननीय प्रधानमंत्री जी के ÷सहकार से समृद्धि की परिकल्पना साकार हो रहा है। इसी कम में बैंक अधिनस्थ सभी 222 समितियो में कम्प्यूटराईजेशन का कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है, जिसमें प्रत्येक समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सहकारिता को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न कार्यकमो का आयोजन किया जा रहा है।

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारिता के माध्यम से दूरस्थ अंचल के ग्रामीणो तक विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुचाये जाने का कार्य भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला सहकारी केन्दीय बैंक मर्यादित, राजनांदगांव के कार्यक्षेत्र में 137 नवीन सहकारी समितियो का गठन किया जाना प्रस्तावित है, ताकि ग्रामीणो एवं कृषक सदस्यो को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो सके। बैंक के कार्यक्षेत्र में खरीफ वित्तीय वर्ष 2024-25 में 264364 कृषकों का प्रधानमंत्री फसल बीमा किया गया, साथ ही साथ छ.ग. प्रदेश के मुखिया आदरणीय श्री विष्णु देव साय जी ने किसानो को उनके द्वारा विक्रय किये धान पर राशि रू. 1581 करोड़ 31 लाख 81 हजार कृषक उन्नति योजना की राशि प्रदान की गई है।

कृषकों के हित में लिए गए इस महान निर्णय के लिए मै प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं छ.ग. शासन का आभार व्यक्त करता हूं। मैं आप एवं उन सभी का ह्दय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया, साथ ही बैंक से सम्बद्ध सभी सहकारी समितियों के अध्यक्षों, बैंक प्रतिनिधियों, सदस्यों व अधिकारियों/कर्मचारियों की हार्दिक सराहना करता हूं, जिनके अथक, समर्पित एवं सच्चे प्रयासो से बैंक ने निरंतर उच्च स्तरीय कार्य निष्पादन बनाये रखा है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राधेलाल साहू, मिथिलेश दुबे, हर सिंह पुराने मिनेश साहू, गुहरा राम बंजारे, श्रवण चंदेल, अरुण साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, शशिकांत द्विवेदी एवं बैंक कार्यक्षेत्र के चारों जिले के समितियां के प्राधिकृत अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com